दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



अनुपम खेर पहली बार पहुंचे अयोध्या ....



जो जोनास और सोफी टर्नर के तलाक की वजह है प्रियंका चोपड़ा

वर्ष : 09 | अंक : 297 | लखनऊ, 03 अक्टूबर, मंगलवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 6304/ g

चांदी 77.50/ g

सेंसेक्स 65,828.41

निफटी 19,638.30

# राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद जनहित की किसी योजना को नहीं रोकेंगे : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान सरकार की किसी योजना को बंद नहीं करने की गारंटी मांगने वाली मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की टिप्पणी के मद्देनजर सोमवार को कहा कि यह कहकर गहलोत ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर भाजपा जनहित की किसी योजना को बंद नहीं करेगी और यह ह्लमोदी की गारंटी है। मोदी ने चित्तौड़गढ़ में जनसभा संबोधित करते हुए यह बात कही। यह राजस्थान में उनकी एक सप्ताह में दूसरी जनसभा थी। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। मोदी ने यह भी स्पष्ट संकेत दिया कि पार्टी राज्य के आगामी चुनाव में किसी को मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश नहीं करेगी। उन्होंने कमल के निशान को ही पार्टी की उम्मीद व उम्मीदवार बताया। मोदी ने




अपने संबोधन से पहले राजस्थान में एक अन्य कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

उन्होंने प्रसिद्ध सांवलिया मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री गहलोत ने हाल में कई बार कहा है कि मोदी को यह गारंटी देनी चाहिए कि अगर राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आती है तो वह मौजूदा कांग्रेस सरकार की योजनाएं बंद नहीं करेगी। इसका जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, यहां मुख्यमंत्री गहलोत जी को भी पता है कि कांग्रेस सरकार की विदाई का काउंटडाउन (उलटी गिनती) शुरू हो चुका है। दिल्ली में बैठे कुछ लोगों को भले ही भरोसा न हो कि गहलोत जी जा रहे हैं, लेकिन गहलोत जी को खुद पर भरोसा है कि वो जा रहे हैं और इसलिए गहलोत जी ने भी एक प्रकार से भाजपा को बधाई दे दी है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के मुख्यमंत्री आजकल आग्रह कर रहे हैं कि भाजपा की सरकार बनने के बाद उनकी योजनाओं को बंद न किया जाए। तो पहले तो गहलोत जी ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली और हमारी सरकार बनेगी इस बात को सार्वजनिक रूप से कह दिया... मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मोदी ने कहा, ह्लमैं राजस्थान की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि भले ही गहलोत जी की सरकार ने योजनाएं शुरू की होंगी, लेकिन जनहित की किसी योजना को भाजपा अपनी सरकार बनने के बाद रोकेगी नहीं, बल्कि उसको अच्छा करने का, उसे बेहतर बनाने का प्रयास करेगी। और ये मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी मतलब, हर गारंटी के पूरा होने की गारंटी। इसके बाद मुख्यमंत्री गहलोत ने एक्स पर लिखा कि दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है।

गहलोत ने कहा, 2008 से 2013 के बीच जब मैं मुख्यमंत्री था तो मेरी सरकार द्वारा शुरू की गईं कई योजनाओं और परियोजनाओं को 2013 के बाद भाजपा सरकार ने रोक दिया। ...दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है। राजस्थान की जनता को अहसास है कि उनके हित और अधिकार की लोकप्रिय योजनाएं सिर्फ हमारी कांग्रेस सरकार में सुरक्षित हैं। कांग्रेस मतलब भरोसा। वहीं, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने माना है कि अशोक गहलोत सरकार की योजनाएं अच्छी हैं।

## तमिलनाडु से संबंध रखने वाले इसरो के नौ वैज्ञानिकों को 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे: स्टालिन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

तमिलनाडु , मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को घोषणा की कि के. सिवन और माइलस्वामी अन्नादुरई समेत तमिलनाडु के नौ प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं के लिए 25-25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के तमिलनाडु से संबंध रखने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह के दौरान स्टालिन ने अपने संबोधन में कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता की खबर के साथ-साथ ऐसे अभियानों से जुड़े तमिलों के बारे में भी जानकारी हर जगह पहुंच गई है। स्टालिन ने राज्य से संबंध रखने वाली इसरो की प्रसिद्ध हस्तियों के नाम गिनाते हुए कहा, आज राज्य में विज्ञान के क्षेत्र में बहुत सारे दिग्गज हैं। इसरो के पूर्व अध्यक्ष सिवन, चंद्रयान (1 और 2) के परियोजना निदेशक माइलस्वामी अन्नादुरई और तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र-इसरो के निदेशक वी. नारायणन को आज सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक ए. राजराजन, इसरो के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एम. शंकरन और चंद्रयान-3 के परियोजना निदेशक पी. वीरमुथुवेल को भी सम्मानित किया गया। इसरो की एम. वनिता और निगार शाजी तथा इसरो-प्रणोदन परिसर के निदेशक जे. असीर पैकियाराज को भी मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

स्टालिन ने कहा कि वह दो घोषणाएं कर रहे हैं जिनमें से एक के तहत नौ वैज्ञानिकों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए 25-25 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं आपसे इसे स्वीकार करने और भारत को अधिक से अधिक गौरवान्वित करने की अपील करता हूं। स्टालिन ने कहा कि दूसरी घोषणा वैज्ञानिक आविष्कार करने की भावना को बढ़ावा देने के लिए नौ स्नातकोत्तर इंजीनियरिंग छात्रों को प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के नाम पर एक छात्रवृत्ति प्रदान करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी पहुंचे अमृतसर, अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में टेका माथा

**पंजाब** , कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में अरदास के लिए पहुंचे हैं। राहुल गांधी सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी सोमवार सुबह सोलन के साधुपुल स्थित रामलोक मंदिर भी पहुंचे थे। तीनों ने यहां शीश नवाया और हाल ही में बने नागलोक मंदिर के दर्शन भी किया। वहीं सोमवार को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में राहुल गांधी अरदास लगाने भी पहुंचे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने स्वयंसेवी सेवा में भी हिस्सा लिया। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुबह 11:15 पर यहां हवाई अड्डे पर उतरे। पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने बताया कि राहुल गांधी शहर के निजी दौरे पर हैं। वडिंग ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने के लिए अमृतसर साहिब आए हुए हैं।

### पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य बनना चाहिए और मेरठ राजधानी बने : बालियान

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद को यहां संबोधित करते हुए बालियान ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य बनना चाहिए और मेरठ इस नए प्रदेश की राजधानी बने। उन्होंने कहा कि यहां की आबादी आठ करोड़ है और उच्च न्यायालय यहां से 750 किलोमीटर दूर हैं, ऐसे में यह मांग पूरी तरह जायज है। जाट सांसद में पश्चिमी उप्र अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठा। इसके अलावा जाट संसद में केंद्र में ओबीसी वर्ग में आरक्षण, बेगम पुल रैपिड स्टेशन का नाम चौधरी चरण सिंह के नाम पर रखने की मांग की गई ।इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, सर छोटू राम और राजा महेंद्र सिंह को भारत रत्न दिए जाने तथा देश के नए संसद भवन में महाराजा सूरजमल का स्मारक लगाये जाने आदि की मांग भी की गई।

## सरकार खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए चीन सीमा के पास चौकियां स्थापित करेगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की चौकियों पर निगरानी और सूचना एकत्र करने के लिए खुफिया अधिकारियों की एक अतिरिक्त टीम तैनात की जाएगी। एक उच्च पदस्थ सूत्र ने कहा कि केंद्र सरकार ने उन चौकियों की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसे बॉर्डर इंटेलिजेंस पोस्ट (बीआईपी) के नाम से जाना जाएगा। सीमा पर बढ़ती चीनी गतिविधियों और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सीमा उल्लंघन को देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय सेना और पीएलए के बीच जून 2020 से लद्दाख में गतिरोध जारी है। एक सूत्र ने बताया कि प्रत्येक बीआईपी पर खुफिया ब्यूरो के चार-पांच अधिकारी तैनात रहेंगे और आईटीबीपी के जवान उनकी सुरक्षा करेंगे। सूत्र ने बताया कि जिन कर्मियों को बीआईपी पर तैनात किया जाएगा, वे सीमा पार की गतिविधियों पर नजर रखेंगे और उच्च अधिकारियों एवं सरकार के साथ अद्यतन सूचनाएं साझा करेंगे। सूत्र ने योजना की संवेदनशील प्रकृति का हवाला देते हुए केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए स्वीकृत राशि का खुलासा करने से इनकार कर दिया। भारत-चीन की संपूर्ण सीमा पर आईटीबीपी की लगभग 180 सीमा चौकियां हैं तथा 45 और बनाने के लिए हाल ही में मंजूरी दी गई है।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर शास्त्री चौक, गोरखपुर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती पर टाउनहॉल, गोरखपुर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर शास्त्री चैक, गोरखपुर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री ने गोलघर स्थित गांधी आश्रम मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्व0 श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की और चरखा



चलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांधी आश्रम के उत्पादों का अवलोकन कर, खादी वस्त्र खरीदा।

इस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा भारत आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं पावन जयंती पर उन्हें नमन कर रहा है। उनके द्वारा दिखाये गये सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर और लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन कर बड़ी से बड़ी ताकत को भी झुकाया जा सकता है। आजादी के आन्दोलन में बापू ने देश को अहिंसा का जो मार्ग दिखाया, वह आज हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। इसी ताकत का परिणाम था कि उन्होंने ब्रिटिश सत्ता को देश छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस पावन अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में बापू के प्रति नमन व श्रद्धांजलि स्वरूप सभी ग्राम पंचायतों व नगर निकायों में स्वच्छांजलि कार्यक्रम विशेष रूप से चलाया जा रहा है। हम सब जानते हैं कि बापू ने स्वदेशी, स्वावलम्बन, सत्य और अहिंसा का सर्वोत्तम मार्ग बताकर लोगों को इसके प्रति आग्रही बनाया। स्वच्छता भी उनके अभियान का महत्वपूर्ण पड़ाव था। आज देश स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से स्वच्छाजंलि कार्यक्रम चलाकर पूज्य बापू के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहा है।

## गांधी जयंती पर अमित शाह ने बापू को किया नमन,दी श्रद्धांजलि

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को गांधी जयंती के मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया और कहा कि उन्होंने स्वदेशी, स्वराज, स्वावलंबन और स्वच्छता के दर्शन से जिस तरह स्वाधीनता आंदोलन के दौरान देश का नेतृत्व कर जनजागरण किया, वह आज भी सभी के लिए प्रेरणीय है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी ने स्वदेशी, स्वराज, स्वावलंबन



और स्वच्छता के दर्शन से जिस तरह स्वाधीनता के दौरान देश का नेतृत्व कर जनजागरण किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणीय है। पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले महात्मा गांधी जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः वंदन करता हूं।

महात्मा गांधी जी ने स्वदेशी, स्वराज, स्वावलंबन और स्वच्छता के दर्शन से जिस तरह स्वाधीनता के दौरान देश का नेतृत्व कर जनजागरण किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणीय है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए लिखा, सादगीपूर्ण जीवन जीते हुए लाल बहादुर शास्त्री का व्यक्तित्व इतना प्रभावी था कि उन्होंने अपनी एक आवाज से पूरे राष्ट्र को विषम परिस्तिथियों में एक कर दिया और भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक बने। उन्होंने कहा, गुदड़ी के लाल शास्त्री जी ने अपने दृढ़ नेतृत्व से देश के जवानों व किसानों में अद्वितीय ऊर्जा का संचार किया और 1965 की लड़ाई जीतकर भारत की ताकत का एहसास कराया। उनकी सादगी, ईमानदारी व देशप्रेम वंदनीय है। महात्मा गांधी का जन्म गुजरात के पोरबंदर में दो अक्टूबर 1869 को हुआ था। उनके जन्मदिन को गांधी जयंती के साथ ही अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से भारत को आजाद कराने की लड़ाई का नेतृत्व किया था। अहिंसक विरोध का उनका सिखाया सबक आज भी पूरी दुनिया में सम्मान के साथ याद किया जाता है। वहीं, शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। उनका जन्म दो अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनकी सादगी और विनम्रता के लोग कायल थे। उन्होंने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान जय जवान जय किसान का नारा दिया था।

## पंजाब को 18 महीनों में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश मिला: भगवंत मान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को कहा कि राज्य को पिछले 18 महीनों में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश मिला है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के ठोस प्रयासों के कारण ऐसा संभव हो सका। मान ने यह भी कहा कि पंजाब में पूर्ण सांप्रदायिक सद्भाव के साथ ही औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल माहौल है, जो इसके समग्र विकास और समृद्धि को गति दे रहा है।



एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने यहां 138 करोड़ रुपये के पशु चारा संयंत्र की आधारशिला रखने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस संयंत्र को नीदरलैंड की कंपनी स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि यह नीदरलैंड की किसी कंपनी का पंजाब में पहला बड़ा निवेश है।

## गुवाहाटी को 59 करोड़ रुपये की लागत से बना जैविक उद्यान मिला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

असम के गुवाहाटी के निवासियों को उस जमीन पर 59 करोड़ रुपये की लागत से बना एक वनस्पति उद्यान मिल गया, जहां कभी केंद्रीय जेल हुआ करती थी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 2.58 एकड़ में स्थित जलाशयों सहित 36 बीघा (लगभग 12 एकड़) के क्षेत्र में फैले वनस्पति उद्यान का उद्घाटन किया। उद्यान में 230 से अधिक देशी प्रजातियों की वनस्पतियों से संबंधित 85,000 पौधे हैं। साथ ही परिसर के अंदर औषधीय पौधों के लिए लगभग 2.08 एकड़ का एक समर्पित स्थान रखा गया है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शर्मा ने रविवार को कहा, गुवाहाटी केंद्रीय जेल को लोखरा में स्थानांतरित करने के बाद शुरू में यह निर्णय लिया गया था कि खाली जमीन पर एक शॉपिंग मॉल का निर्माण किया जाएगा। 2016 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की



सरकार के सत्ता में आने पर यह निर्णय लिया गया कि वहां एक सार्वजनिक उद्यान बनाया जाए। उन्होंने कहा कि वनस्पति उद्यान गुवाहाटी के निवासियों के लिए व्यापक खुली जगह प्रदान करेगा।

शर्मा ने कहा, इसे एक उद्यान के रूप में संदर्भित करने के बजाय क्षेत्र की वनस्पतियों की स्वदेशी और दुर्लभ प्रजातियों के भंडार में बदलने के उद्देश्य से वनस्पति उद्यान का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि उद्यान में गाइड तैनात किए जाएंगे ताकि युवा पीढ़ी के लोगों को क्षेत्र की समृद्ध वनस्पति विरासत से परिचित कराया जा सके। मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी को दक्षिण-पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार बनाने के लिए जारी और आगामी परियोजनाओं की भी जानकारी दी।

## अखिलेश यादव ने किया पत्रकारों के स्मारक का दौरा



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के सेक्टर 72 स्थित स्मृति वन में पत्रकारों केस्मारक का दौरा किया। नोएडा मीडिया क्लब (एनएमसी) के पदाधिकारियों ने रविवार को बताया कि यादव ने पूरे स्थल का निरीक्षण किया और स्मारक के निर्माण की सराहना की। एनएमसी पदाधिकारियों के अनुसार नोएडा मीडिया क्लब ने कोविड-19 महामारी के दौरान जान गंवाने वाले वाले पत्रकारों की याद में एक स्मारक का निर्माण कराया है। एनएमसी पदाधिकारियों के अनुसार यादव ने कहा कि यह स्मारक देश के पत्रकारों को समर्पित एकमात्र स्मारक है और यह कोविड-19 के दौरान जान गंवाने वाले पत्रकारों की याद दिलाएगा। इस स्मारक का विधिवत लोकार्पण दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर होगा। एनएमसी नोएडा और दिल्ली-एनसीआर के पत्रकारों का एक सामाजिक संगठन है। इस स्मारक में महामारी के दौरान जान गंवाने वाले पत्रकारों के नाम दर्ज हैं।

## मणिपुर के आदिवासी समूह ने अनिश्चितकालीन बंद की धमकी दी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मणिपुर के कांगपोकपी स्थित आदिवासी संगठन कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) ने सोमवार को धमकी दी कि अगर केंद्र पिछले तीन दिन में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को तुरंत रिहा करने में विफल रहा तो जिले में अनिश्चितकालीन बंद शुरू किया जाएगा। दो मणिपुरी विद्यार्थियों की हत्या के सिलसिले में सीबीआई द्वारा चार लोगों को गिरफ्तार किए जाने की निंदा करते हुए सीओटीयू ने सोमवार को एक बयान में कहा, कमेटी केंद्रीय गृह मंत्रालय को 48 घंटे का अल्टीमेटम देती है कि वह केंद्रीय एजेंसियों को गिरफ्तार सभी आदिवासियों को तुरंत रिहा करने और मैतेई अपराधियों की जांच शुरू करने का निर्देश दे।

सीओटीयू का अल्टीमेटम सीबीआई द्वारा चार लोगों और एनआईए द्वारा सेमिनलुन गंगटे को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में मणिपुर के दक्षिणी जिले चुराचांदपुर आधारित इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) द्वारा अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा किए जाने के एक दिन बाद आया है। सीओटीयू ने भी गंगटे की गिरफ्तारी की निंदा की और आरोप लगाया कि यह केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से पक्षपातपूर्ण रवैये का स्पष्ट संकेत है। गंगटे को एनआईए ने मणिपुर में मौजूदा जातीय अशांति का फायदा उठाकर भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए बांग्लादेश और म्यांमा आधारित आतंकी संगठनों के नेतृत्व द्वारा अंतरराष्ट्रीय साजिश और जून में हुए क्वाक्टा कार बम विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया था, जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे।

सीओटीयू ने थानों से हथियार और गोला-बारूद लूटने वाले लोगों की गिरफ्तारी और मई में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने वालों को कड़ी सजा देने की भी मांग की। जुलाई में, मणिपुर पुलिस ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के आरोप में सात से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने 22 सितंबर को एक अन्य मामले में इंफाल से मोइरांगथेम आनंद सिंह को गिरफ्तार किया था। मणिपुर पुलिस ने पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए हथियार रखने के आरोप में सिंह को चार अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था।

हालांकि, सभी पांच लोगों को जमानत मिल गई, लेकिन सिंह को एनआईए ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि उसे दिल्ली लाया गया और उचित कानूनी प्रक्रिया का सामना कर रहा है। राज्य में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण होने के कारण, राज्य सरकार ने सभी स्कूलों को 5 अक्टूबर या अगली सूचना तक बंद रखने का फैसला किया है।

## संक्षेप

### दादी ने पोते व एक किशोरी के ऊपर लगाया नकदी व पायल चोरी करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा निवासी रेशमा ने अपने ही पोते बाबू और यहीं की रहने वाली गोलू के खिलाफ 4 हजार रुपये व पायल चोरी करने के अलावा शिकायत करने पर गाली गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।रेशमा के मुताबिक वह लोगों के घरों में झाड़ू पोछा का काम करती है।रेशमा का कहना है कि बीती 25 सितंबर की सुबह 9 बजे वह काम पर चली गई। अपराह्न 1:30 बजे जब घर वापस आई तो गद्दे के नीचे रखे 4 हजार रुपये और पायल गायब मिली।इस मामले में रेशमा ने अपने पोते बाबू और यहीं की रहने वाली लड़की गोलू पर नगदी व पायल चोरी करने का संदेह जताते हुए जब उनसे कहा तो आरोप है कि दोनों ने मिलकर रेशमा से गाली गलौज करने के साथ ही हाथापाई की और जान से मारने की धमकी दी।फिलहाल रेशमा की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### ट्रक का तिरपाल काटकर करीब डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत के दूध के पैकेट चोरों ने किया पार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते दिनों चोरों ने एक ट्रक का तिरपाल काटकर करीब डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत के दूध के पैकेट पार कर दिए।ट्रक चालक ने इस मामले में सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के सुलभ आवास कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर निवासी विश्व विजय सिंह के मुताबिक बीती 24 सितंबर को उन्होंने अपनी ट्रक में बंथरा से नेस्ले कंपनी के दूध पैकेट के गत्ते लोड किए। रात करीब 10:30 बजे ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचने पर वहां मौर्य रेस्टोरेंट की पास गाड़ी खड़ी कर दी और पास में ही अपने घर खाना खाने चले गए।विश्व विजय सिंह का कहना है कि कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो ट्रक का तिरपाल कटा होने के साथ ही उसमें से 1 लाख 65 हजार रुपये कीमत के 52 गत्ते गायब मिले।बाद में उन्होंने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ट्रक चालक विश्व विजय सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरो के जरिए चोरों का सुराग लग रही है।

### अनियंत्रित बस ढाबे में घुसी,एक घायल

मोहनलालगंज ।पीजीआई के डलौना गांव निवासी रामबाबू ने बताया मोहनलालगंज के माधवखेड़ा गांव में हाइवे किनारे उसका जेपी प्रधान ढाबा है,बीते रविवार की देर रात्रि तेज रफ्तार बस अनिंत्रित होकर उसके ढाबे के अंदर जा घुसी,जिसके चलते ढाबा क्षतिग्रस्त होने के साथ अंदर मौजूद छोटा भाई घायल हो गया ।दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गयी,गलीमत रही जिस समय हादसा हुआ ढाबे पर बहुत ज्यादा ग्राहक नही थे ।आनन-फानन ढाबा मालिक रामबाबू घायल भाई को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गया ।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित ढाबा मालिक की तहरीर पर बस समेत अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज कर दुर्घटना करने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया गया हैं।

### सगी बहनो ने महिला की पिटाई कर फोड़ा सिर ,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज के कोड़रा रायपुर गांव निवासी माधुरी ने बताया बीते शनिवार को वो दरवाजे पर लगे हैंडपम्प पर बाल्टी लेकर पानी भरने गयी थी ओर नल चलाकर पानी भर रही थी,तभी मोहल्ले की रोशनी भी पानी भरने आ गयी ओर उसकी बाल्टी उठाकर फेक दी,जिसके बाद उसने अपनी बाल्टी उठकर दुबारा लगा दी.तो चीखते हुये रोशनी अपने घर चली गयी ओर अपनी बहन काजल के साथ लाठी डंडे लेकर वापस आकर बुरी तरह पिटाई कर सिर फोड़ कर लहूलूहान कर दिया ।चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे ओर घायल माधुरी को इलाज के लिये अस्पताल लेकर गयें ।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी बहनो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# वरिष्ठ भाजपा नेता का जन्मदिन समर्थकों ने धूमधाम से मनाया

## वृद्धाश्रम के वृद्धजनों के साथ भी मनाया गया जन्मदिन





अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पत्रकारिता जगत के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर शुभचिंतिको ,समर्थको ने भाजपा नेता को सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम के माध्यम व फोन कॉल के माध्यम से शुभकामनाएं व बधाइयां दी। आसपास के रहने वाले समर्थकों ने सरोजनी नगर के बंथरा बनी कार्यालय पर पहुंचकर केक काटकर मिठाई खिलाकर राजकुमार सिंह चौहान को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी।

सरोजनीनगर के हैंडील नहर पर स्थित वृद्ध आश्रम में राजकुमार सिंह चौहान ने अपने जन्मदिवस पर बुजुर्गों के बीच में अपने जन्मदिन की खुशियां बांटी वहीं भाजपा नेता ने बुजुर्ग वृद्ध जनों के साथ अपना जन्मदिन मनाया वृद्धो को फल मिष्ठान बांटकर उनका आशीर्वाद लिया वहीं वृद्धो ने कहा कि आपने वृद्ध आश्रम में पिछली बार भी अपना जन्मदिन मनाया था आज फिर वही दिन है जब आप हमसे मिलने आए हैं हमें बहुत खुशी हुई है। वृद्धजनो से मिले आशीर्वाद से भाजपा नेता का मन खुशी से प्रफुल्लित हो गया उनका आशीर्वाद पाकर वह बहुत खुश हो गए और उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों से मिलने आता रहूंगा यदि कभी कोई मेरे लायक सेवा हो तो मुझे अवश्य आप याद कर सकते हैं। आप सभी का आशीर्वाद ही मेरी असली ताकत है और भगवान के आशीर्वाद से बढ़कर आप सभी का आशीर्वाद मेरे लिए है। भाजपा नेता के साथ उनके जन्म दिवस पर भाजपा नेता मनोज सिंह चौहान, गंगाराम भारती ,कृष्ण कुमार सिंह, ऋषि राज गुप्ता , शिवा सिंह ,रूपेंद्र प्रताप सिंह , प्रिंस गुप्ता, अरबाज खान,फैजल खान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### राजकुमार सिंह चौहान के शुभचिंतको ने मनाया जन्मदिन

बंथरा के सहिजनपुर में भाजपा नेता माखन सिंह, पत्रकार राहुल तिवारी ने राजकुमार सिंह चौहान का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया लोगों ने भाजपा नेता से केक कटवा कर उनका जन्मदिन मनाया उनके जन्म दिवस के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि केएन सिंह ,रामाशंकर त्रिपाठी ने प्रभु श्री राम की मूर्ति भेंट की व मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं प्रेषित की माखन सिंह ने जन्मदिवस के अवसर पर आसपास के लोगों को रात्रि भोज कराया ,भाजपा नेता राजकुमार सिंह चौहान को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई दी।

# जालसाजों ने खाते से उड़ाए 1 लाख 97,996 रुपए

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक शिक्षक को साइबर जालसाजों ने आनलाइन एमाजॉन एकाउंट बंद कराने के दौरान झांसे में लेकर धोखाधड़ी कर उनके बैंक खाते से 1,97,996 रुपए पार कर दिया ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित विनय नगर में रहने वाले पुनीत भटाचार्या पुत्र आर एन भटाचार्या ने बताया कि वह पेशे से शीतला मीरास इण्टर कालेज एलडीए कालोनी में अध्यापक पद पर कार्यरत है। उन्होंने बीते 29 जुलाई की दोपहर एमाजॉन प्राइम के कस्टमर केयर को काल किया था। उनके एमाजॉन.एकाउंट बंद होने की बात कह पुनःबंद एकाउंट चाल कराने के लिए 10 रुपए में अकाउंट ओपन करने की बात कह आश्वासन दिया।

### बिमला इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में कचरा मुक्त भारत अभियान का किया गया आयोजन

लखनऊ।बिजनौर इलाके के मखदूमपुर कैथी स्थित बिमला इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वच्छता ही सेवा ( कचरा मुक्त भारत ) अभियान का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी बच्चों, अध्यापक - अध्यापिकाओं और पूरे स्टाफ ने विद्यालय परिसर व आसपास क्षेत्र की साफ सफाई की। साथ ही उन्होंने सरकार के स्वच्छता अभियान को साकार करने व उसे प्रोत्साहित करने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या परिपूर्णा सिंह ने बच्चों को साफ सफाई के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने मौजूद बच्चों व अन्य लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने घर और आसपास साफ सफाई रखें।साथ ही अन्य लोगों को भी सफाई के लिए प्रेरित करें।स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।इस दौरान प्रधानाचार्या परिपूर्णा सिंह सहित स्कूल के सभी स्टाफ ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# पीएम किसान सम्मान निधि के किसानों के केवाईसी को लेकर लगाया गया शिविर

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** सोमवार को कृषि विभाग द्वारा जगह-जगह कैंप के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पहुंचने के लिए ई केवाईसी का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक गांव- गांव में यह अभियान चलाकर सभी पात्र कृषकों को जो सिर्फ ई केवाईसी के कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित है। उनकी ई केवाईसी कराने का काम बहुत तेजी से हो रहा है मलिहाबाद तहसील क्षेत्र मे अभी तक 1262 ई केवाईसी की जा चुकी है। सहायक विकास अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया की सभी कृषि विभाग के कर्मचारी प्रत्येक गावं मे पीएम किसान ई केवाईसी करने का भरकस प्रयास कर रहे हैं, साथ ही ब्लॉक का शेष लक्ष्य बहुत ही जल्दी पूर्ण कर लिया जाएगा जिससे कि हमारे सभी कृषक भाइयों को पीएम किसान सम्मन निधि का लाभ मिल सके । जिसके लिए मलिहाबाद कृषि विभाग की टीम सरकार की मंशा के अनुरूप जो किसान विकासखंड से सबसे दूर का है और किसान विकासखंड तक आने में असमर्थ है, सरल शब्दों में कहें विकासखंड के बॉर्डर के किसान या हरदोई बॉर्डर पर किसानों को कृषि विभाग की अपनी समस्त योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हर तरीके से प्रयास किया जा रहा है। खण्ड तकनीकी प्रबंधक माधवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि दो न्याय पंचायत जिन्दौर व जौरिया मलिहाबाद कृषि बीज भण्डार से दूर होने के कारण यहां के किसान बीज लेने कम पहुंचते हैं इस कारण इस बार सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह से बात कर रहीमाबाद मे ही किसी एचीवर कृषक की मदद से बीज किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसी क्रम मे सोमवार को मवईकला ग्राम पंचायत में ई केवाईसी के कैम्प का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के कार्मिकों द्वारा कृषको की ई केवाईसी करने के साथ-साथ कृषि विभाग के समस्त योजनाओं, समसामयिक फसलों की महत्वपूर्ण जानकारियां, सरकार द्वारा अनुदानित बीज,फसल बीमा, प्राकृतिक खेती, श्री अन्न, यंत्रीकरण सहित अन्य प्रकार की जानकारी दी गई।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती धूमधाम से मनाई

अमन लेखनी समाचार



**मोहनलालगंज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के मौके पर सोमवार को दक्षिणी जोन पुलिस कार्यालय पर डीसीपी विनीत जायसवाल व एडीसीपी शंशाक सिहं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रो पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया ।जिसके बाद डीसीपी विनीत जायसवाल ने कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों को सत्य के मार्ग पर चलने की शपथ दिलायी। मोहनलालगंज उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य व तहसीलदार आनन्द तिवारी ने तहसील सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर शत-शत नमन कर अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। मोहनलालगंज कोतवाली मे प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार आर्य व निगोहां थान में प्रभारी निरीक्षक विनोद यादव,नगराम थाने में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार तिवारी ने परिसर में महात्मा गांधी व लाल बहादुर के चित्र पर माल्यार्पण कर शत-शत नमन करते हुये सलामी देने के बाद पुलिसकर्मियों को स्वतंत्रता की रक्षा के लिए कर्तव्य निष्ठा और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलायी ।मोहनलालगंज ब्लाक मुख्यालय पर बीडीओ पूजा सिहं, सीएचसी में अधीक्षक डा०अशोक कुमार, नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी मनीष राय ने राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कर्मचारियों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

# तीन मासूम बच्चों के सिर से उठ गया माँ-बाप का साया, विधायक राजेश्वर बने सहारा, पहुंचाई मदद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा 44वां आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम सोमवार को इलाके के नटकुर गांव में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जहां विधायक की टीम द्वारा लोगों की समस्याएं सुनी गई, वहीं प्राप्त समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन भी दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा के मंडल मीडिया प्रभारी पवन सिंह ने छोटे बच्चों पलक, पायल और अनुराग के बारे में टीम राजेश्वर को अवगत कराया। इन बच्चों के पिता शैलेश कुमार साहू और उनकी पत्नी की बीते दिनों मृत्यु हो गई थी। यह जानकारी जब विधायक को मिली तो उन्होंने अपनी टीम द्वारा तत्काल उनके लिए आर्थिक सहायता मुहैया कराई। साथ ही हर संभव मदद व सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का आश्वासन दिया। वहीं आम जनता की समस्याओं को सुनने के बाद उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर दिशा निर्देश तय करने के साथ ही उनके निस्तारण का भी आश्वासन दिया। इस दौरान गांव की शान पहल के तहत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली गांव की दो मेधावी छात्राओं सलोनी पटवा, नैंसी वर्मा और दो मेधावी छात्रों गौरव अवस्थी व सर्वेंद्र कुमार राजपूत को साइकिल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नटकुर गांव की वयोवृद्धा ठकुरा ( 90 ) को भी सम्मानित किया गया। साथ ही खेल संसाधनों के प्रसार और खेल प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के लिए गांव में यूथ क्लब का गठन कर युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराए गए।

# पत्रकार के ऊपर हुआ जानलेवा हमला, हत्या का प्रयास और लूट सहित कई अन्य संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित पिनवट रोड निवासी पत्रकार हरिशंकर मिश्रा उर्फ हरीश मिश्रा ने कासिमपुर, दरोगा खेड़ा निवासी अंकित यादव और अशोक गौतम के अलावा ढाबे के अन्य कर्मचारियों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, गैर इरादतन हत्या का प्रयास और लूट सहित कई अन्य संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरिशंकर का कहना है कि रविवार रात करीब 11:45 बजे उन्होंने दरोगा खेड़ा स्थित राधे ढाबे में पानी की एक बोतल खरीदी। लेकिन खुले पैसे ना होने के कारण ऑनलाइन पेमेंट देने को कहा। आरोप है कि इस पर ढाबे में मौजूद अंकित यादव गाली गलौज करने लगा। मना करने पर हरिशंकर की मारुति वैन का दरवाजा खोलकर उसे मारने पीटने लगा। आरोप है कि गाड़ी से खींचकर अपने साथी अशोक गौतम को बुलाकर जान से मारने के नियत से लाठी डंडों से बुरी तरह पिटाई कर दी। जिससे आंख व हाथ की उंगली गंभीर रूप से चोटिल हो गई। साथ ही गले और शरीर पर भी चोटें आई हैं। जिससे हरिशंकर बेहोश हो गए। सूचना पाकर हरीश के परिवार के लोकनाथ मिश्रा वहां पहुंचे और उसकी जान बचाई। इसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम का सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हरीश को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। जहां से लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हरीश का आरोप है कि घटना के दौरान आरोपियों ने चार सोने की अंगूठी, एक डायमंड की अंगूठी, सोने का एक ब्रेसलेट और गले में पड़ी करीब साढ़े 3 लाख रुपए कीमत की सोने की चेन लूट ली और कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल हरीश की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल कर रही है। वहीं आरोपी अंकित के पिता रामसेवक का कहना है कि शराब के नशे में धुत होकर हरीश अपने तीन अन्य साथियों के साथ ढाबे पर पहुंचे और पानी की बोतल मांगी। जब ढाबा पर मौजूद मजदूरों ने पानी की बोतल के पैसे मांगे तो हरीश पैसे देने के बजाय शराब के नशे में उनसे गाली गलौज करने के साथ ही रिवाल्वर दिखाकर धमकाने लगे। उनकी यह करतूत देख तमाम लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और हरीश की धमकी से गुस्साए लोगों ने उनकी पिटाई कर दी। उधर इस मामले में सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी अधेड़ को पुलिस ने भेजा जेल



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंदबुद्धि किशोरी को पैसो को लालच देकर बीते रविवार की सुबह एक प्राइवेट प्लाटिंग साइड में ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी अधेड़ महेश प्रसाद रावत निवासी मिजापुर थाना सुशान्त गोल्फ सिटी को ग्रामीणो की मदद से पुलिस ने गिरफ्तार कर पीड़ित किशोरी की भाभी की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म समेत पॉस्को एक्ट की धारा में मुकदमा ? दर्ज किया था ।सोमवार को पुलिस ने आरोपी महेश कुमार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बहु कर रही है लगातार बेवजह प्रताड़ित

### थाने पर शिकायती पत्र देकर लगाई है न्याय की गुहार–जमुना प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

**बंथरा।** बंथरा थाना क्षेत्र के लतीफनगर गांव के रहने वाले जमुना प्रसाद स्वर्गीय चलकू रावत ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि मेरी बहू अंजू पत्नी मनोज कुमार की शादी करीब पंद्रह वर्षों पूर्व हुई थी ।उससे तीन संताने है ।फिर भी अंजू अपने पति के साथ साथ हमे और हमारी पत्नी शांति देवी को भी आए दिन परेशान करती है ।काफी समझाने का प्रयास करने के बावजूद भी वह गाली गलौज व मार पीट पर आमादा हो जाती है और अनायास ही परेशान करती है । जिससे सभी परिजन काफी मानसिक पीड़ा हो रही है ।मेरी विवाहिता पुत्री सिया दुलारी को भी फोन पर गाली देती है और जान से मारने की भी धमकी देती है । पीड़ित जमुना प्रसाद से बात की तो उन्होंने बताया की बहु हम दोनों पति पत्नी का जीना दुश्वार कर रखी हैं जब बेटा घर पर नही होता है तो मारपीट हम लोगो से करती है और अब तो बहु अंजू ने तो सारी हदे पार कर दी उसने हमे हमारे घर से ही बाहर निकाल दिया था जिसके चलते हम दोनों घर से थोड़ी दूर ही रह रहे थे और वही खाना पीना बनाकर गुजारा कैसे भी कर रहे थे वही पीड़ित जमुना प्रसाद ने पुलिस को अपनी आपबीती शिकायती पत्र देकर बताई है और कार्यवाई की मांग की है ।

### महिला ने सई नदी में कूद कर आत्महत्या करने का किया प्रयास

बन्थरा।सरकार बेटियों की सुरक्षा के लिए कड़ी कार्रवाई करने पर तत्पर है। पर कुछ लोग सरकार की कठोर कार्रवाई का गलत फायदा उठाने मे माहिर से हो गए हैं वह कानून की कार्रवाई से दबाव बनाकर उन्हें मानसिक प्रताड़ना देने का काम कर रहे हैं इसी प्रकार अपनी बहू से परेशान होकर एक बुजुर्ग महिला ने नदी में कूद कर अपनी जान देने का प्रयास किया है। सोमवार की शाम करीबन 5 बजे ग्राम सभा बनी में पुल के ऊपर से सई नदी में सुशीला पत्नी स्व नकारे निवासिनी सभा बजेहरा थाना सोहरामऊ जिला उन्नाव ने अपनी बहूओं से परेशान होकर नदी में छलांग लगा दी वह तो खैर की उनकी जान मछली मार रहे मछुआरों ने बचा ली बुजुर्ग महिला को काफी कड़ी मशक्कत के बाद नदी से निकाला और सही सलामत वापस घर भेजा।

# गांव में हुआ स्वास्थ्य मेले का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सोमवार को पत्रकार प्रशांत अवस्थी के नेतृत्व में उनके आवास पर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। इटौंजा क्षेत्र के राजापुर गांव में स्वास्थ्य मेले में जीवक आयुर्वेद मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल से आई टीम ने मरीजों की जाँच की। इस अवसर पर फ्री हेल्थ चेकअप किया गया साथ ही उन्हें दवाइयां वितरित की गई। साथ ही कैंप में दर्जनों मरीजों की जांच की गई ।इस दौरान लोगों में इंफेक्शन आदि की भी समस्या देखने को मिली। सभी लोगों को आवश्यक दवाईयां देने के साथ-साथ सुझाव भी दिया गया। चिकित्स्कों ने मौसम में हो रहे बदलाव व खान-पान के बारे में बताया। इस दौरान पनपने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय भी साझा किए। डॉ.विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि ज्यादातर बीमारियां लाइफ स्टाइल और खाने की गलत आदतों से संबंधित है।लोगों को यह भी बताया गया कि आज कल लोग पूरे दिन में हेल्दी फूड खाने पीने के बजाय तला हुआ खाने पर जोर दे रहे है।यहां तक की पूरे दिन में किस टाइम कितना खाना खाने से सेहत को फायदा है और नुकसान है इसके बारे में भी जानकारी नहीं है।उन्होंने ने कहा कि धीरे धीरे सुबह शाम मौसम बदल रहा है और सर्दी आ रही है ऐसे में लोग जोड़ों के दर्द, जुखाम, खांसी, फीवर और छाती के इंफेक्शन से जल्दी जकड़ में आ जाते हैं।वजह यह है कि लोगो की इम्यून सिस्टम कमजोर है। लोग खान पान की तरफ अच्छी तरह से ध्यान नहीं देते जो बाद में बीमारियों का रूप ले लेते हैं।मौसम में बदलाव आने की वजह से शरीर में रूखापन भी आ जाता है जिससे स्किन की परेशानी हो जाती है। आज सेहत ठीक रखने के लिए दवाइयों से ज्यादा हेल्थ एजुकेशन की जरूरत है। अगर लोग रेगुलर एक्सरसाइज करें, कंट्रोल्ड डाइट लें, मेडिटेशन करें और पॉजिटिव थिंकिंग का अभ्यास करें तो 40 परसेंट लोगों को किसी दवाई की जरूरत ही ना पड़े। इससे उनका दवाइयों का और डॉक्टर की फीस का नाजायज खर्च कम हो सकता है।उन्होंने बताया कि जीवक आयुर्वेद मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल समय समय पर निःशुल्क कैंप लगाता रहा है।

पत्रकार प्रशांत अवस्थी ने कहा कि दूसरों की मदद करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। साथ ही कहा कि अपने मन, वचन और काया से औरों की मदद करना। हमेशा यह देखा गया है कि जो लोग दूसरों की मदद करते हैं, उन्हें कम तनाव रहता है, मानसिक शांति और आनंद का अनुभव होता है। वे अपनी आत्मा से ज्यादा जुड़े हुए महसूस करते हैं, और उनका जीवन संतोषपूर्ण होता है। जबकि स्पर्धा से खुद को और दूसरों को तनाव रहता है।

## संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रविवार बीती रात पड़ोसी युवक ने युवती के घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने लगा युवती के चिल्लाने पर परिजनो ने युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया,युवती की तहरीर पर पुलिस ने युवक पर दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज आरोपी को जेल भेज दिया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रविवार को देर रात 12 बजे पड़ोसी युवक सचिन 25 वर्ष पड़ोस के रहने वाली 22 वर्षीय युवती कमरे में अकेली लेटी हुई थी परिजन दूसरे कमरे में सो रहे थे तभी युवक कमरे मे घुसकर युवती को पकड़ कर दुष्कर्म करने लगा युवती के चिल्लाने पर परिजनो ने युवक को पकड़ लिया पड़ोसी होने के नाते दोनो में विवाद होने लगा युवती की मां ने पुलिस को सूचना दी। युवती की तहरीर पर पुलिस ने युवक पर दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर युवक पर दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया गया।

### माता रानी के मंदिर से चोरों ने लगभग एक कुंतल घंटा किया पार

हसनगंज, उन्नाव। चोरों के हौसले इतना बुलंद हो गए की वो मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा भी नही बक्स रहे हैं भगवान या कानून का भय इन चोरों के अंदर से बिलकुल गायब हो चुका है जहा मिला वहा अपना हाथ साफ कर दिया बीती रात्रि कोतवाली क्षेत्र सैरपुर गांव के बाहर सैकडो वर्ष पुराना पंचकरिया माता के मंदिर में रविवार को अज्ञात चोरों ने एक कुंटल से अधिक बंधे घंटे चोरी कर ले गए सुबह जब ग्रामीण मंदिर में पूजा पाठ करने गए तो मंदिर में बंधे घंटा घंटी गायब देख उनके होश उड़ गए ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी ।कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि जानकारी हुई है जांच के लिए दरोगा को भेजा जा रहा है।

### बीएसए ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण

हसनगंज, उन्नाव। हसनगंज ब्लाक क्षेत्र आदम पुर बरेठी गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का बीएसए ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में शिक्षिका राखी वैश्य ,अनामिका गौर, पल्ल्वी यादव, अपूर्वा सिंह लेखाकार, रेखा देवी रसोईया करुणा शंकर चौकीदार मौके पर मिली। वही वार्डन पूनम त्रिपाठी, शिक्षिका ज्योति चतुर्वेदी ,उषा गुप्ता,अनुपस्थित मिली। हाजिरी रजिस्टर में अमिता साहू के साइन मिले में अनुपस्थित मिली। शौचालय, परिसर में गंदगी देख बीएसए ने शिक्षको पर नाराजगी व्यक्त कर सफाई के निर्देश दिए।

# महान पुरुषो के जन्म दिन पर जिला जज ने संगोष्ठी का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,के जिला जज /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव प्रतिमा श्रीवास्तव, द्वारा आज दिनांक 02 अक्टूबर, 2023 को महात्मा गांधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन एवं स्वच्छता जागरुकता अभियान का शुभारम्भ करते हुए ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कियो इसी क्रम में जैगम उद्दीन प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ममता सिंह, अपर जिला जज विवेकानन्द विश्वकर्मा, अपर जिला जज पॉस्को एक्ट उन्नाव, पूनम-कक, अपर जिला जज गैंगस्टर एक्ट शिप्रा आर्या, अपर जिला जज (पॉस्को एक्ट) जयवीर सिंह नागर अपर जिला जज एफ.टी.सी. स्वतंत्र प्रकाश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उन्नाव, सुधा सिंह, सिविल जज (सी०डि०) उन्नाव कविता अग्रवाल, अपर मुख्य न्यायिक उन्नाव मजिस्ट्रेट-01 रघुवंश मणि सिंह सिविल जज (सी०डि०) एफ.टी.सी उन्नाव एवं अन्य न्यायिक अधिकारी गणों द्वारा भी माल्यार्पण किया गया। इसके आलावा सभी न्यायिक अधिकारियगण, अधिवक्तागण, न्यायिक कर्मचारीगण, सफाईकर्मी, पुलिसकर्मी एवं ने पुष्प अर्पित किया।मनीष निगम अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गयो

तदोपरान्त वरिष्ठ न्यायाधीश, उच्च न्यायालय झइलाहाबाद द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छता जागरुकता अभियान का ई- उद्घाटन 02 अक्तूबर को प्रातः 08:30 बजे कर शुभारम्भ किया गया। इस उद्घाटन समारोह में उक्त न्यायाधीशों के साथ निवार्चक मण्डल उपस्थित रहें।



इसी क्रम में स्वच्छता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत आमजन को जागरुक किये जाने हेतु माननीया जिला जज /अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया गया।रैली में राजकीय इन्टर कालेज उन्नाव, श्याम कुमारी सेठ बालिका विद्यालय( भारत स्काउट एवं गाइड उन्नाव), अटल बिहारी इन्टर कालेज उन्नाव, जी. नाथ जी. दयाल बालिका इन्टर कालेज, के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रभात फेरी में छात्र - छात्राओं के अतिरिक्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण , पराविधिक स्वयं सेवक ने प्रतिभाग किया।

इसी क्रम में जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव, महोदया ने सभी सफाई कर्मियों को शाल उढ़ाकर तथा सजीव वृक्ष भेंट करते हुए सम्मानित किया गया तथा अपने संबोधन में बोलते हुए महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा स्वच्छता जागरुकता अभियान के बारे में जागरूक करते हिये कहा कि हमें अपने आस-पास घर, कार्यालय सभी जगहों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए तथा सफाई कर्मियों पर आश्रित ना होकर हमे खुद से साफ-सफाई करनी चाहिए तथा सफाई-कर्मियों का सहयोग करना चाहिऐ अपने संबोधन में बोलते हुए जैगम उद्दीन प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है।2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अलावा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी मनाई जाती है। उन्होंने गॉधी जी को व्यक्ति नहीं एक विचार बताया। महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को उनकी स्मृति में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 जून 2007 को 2 अक्टूबर की तारीख को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया थोआज पूरा देश गांधी जयंती को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मना रहा है। महात्मा गांधी की ताकत सत्य और अहिंसा के सिद्धांत थे। प्रधान न्यायाधीश ने आस पास की स्वच्छता एवं शारीरिक स्वच्छता के साथ साथ मनुष्य की मानसिक स्वास्थ्य पर जोर डालो उक्त संगोष्ठी में सुधा सिंह ने किया और अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अंग्रेजों को भारत से खदेड़ने में महात्मा गांधी की ओर से चलाए गए सत्याग्रह जन आंदोलनों की बड़ी भूमिका बताई जाती है. वहीं, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में लाल बहादुर शास्त्री का भी महत्वपूर्ण योगदान है. महात्मा गांधी हमेशा लोगों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की सीख देते थे और लाल बहादुर शास्त्री की छवि भी सबसे ईमानदार नेता की है इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज/ सचिव मनीष निगम ने कहा कि गांधी जी से केवल भारतीय ही प्रभावित नहीं थे बल्कि विदेशों में भी गांधी जी के आदर्शों को माना जाता रहा है। साबरमती के इस संत ने अपने अहिंसावादि नीतियों से यह जता दिया कि इंसान अगर अपने आप पर भरोसा कर ले तो जीवन की हर कठिनाइयों का सामना वो कर सकता है।बापू के आदर्शों पर चलने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने उस समय अपना नाम सुनहरे शब्दों में अंकित कर लिया जब देश के कई हिस्सों में भयानक अकाल पड़ा था। उस समय शास्त्री जी ने देश के सभी लोगों को खाना मिल सके इसके लिए सभी देशवासियों से हफ्ते में 1 दिन व्रत रखने की अपील की थी गाँधी एवं शास्त्री जी हमारे बीच न सही लेकिन उनके आदर्श,मूल्य हमारे बीच में जिंदा है इसलिए वो ना हो कर भी हमारे बीच मौजूद हैं ।स्वच्छता जागरुकता अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर सर्वप्रथम जनपद न्यायालय, दीवानी परिसर, उन्नाव एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ए०डी०आर० भवन, उन्नाव एवं समस्त तहसीलों में साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया। बार एसोसियेशन, उन्नाव के अध्यक्ष रामसुमेर सिंह व अन्य अधिवक्तागण ने देश की दो महान विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी तथा पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला।अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज/ सचिव मनीष निगम ने सबका आभार व्यक्त किया गयो कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## जंगल में पड़ा मिला युवती का शव, मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के पवई गांव स्थित जंगल में एक युवती का शव पडा मिलने से ग्रामीणों में सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंचे सीओ सफीपुर व फोरेंसिक टीम ने घटना की जांच पडताल की। युवती के मुंह से झाग निकल रहा था। आंख व कान के पास चोट के निशान थे। शव के पास मिले आधार कार्ड के पते से परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं चर्चा है कि मौके से एक फटा हुआ पत्र भी मिला है। माखी थाना क्षेत्र बौनामऊ मजरा लालताखेडा गांव के रहने वाले सुरेश की 19 वर्षीय बेटी काजल हाईस्कूल की छात्रा थी। सोमवार सुबह इसी थाना क्षेत्र के पवई गांव से करीब दो किमी दूर कच्चे मार्ग पर स्थित जंगल में उसका शव पडा मिला। जंगल में युवती का शव पडा देख चरवाहों में हडकंप मच गया। आनन फानन ग्राम प्रधान को सूचना दी।मौके पर पहुंचे पवई ग्राम प्रधान रामजीवन ने पुलिस को घटना की सूचना दी।सूचना पर पहुंचे एसओ वीरबहादुर सिंह ने उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराया।सूचना पर पहुंचे सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला और फोरेंसिक टीम ने घटना की बारीकी से जांच की है।युवती के मुंह से झाग निकल रहा था। उसकी दाहिनी आंख व कान के पास चोट के गहरे निशान मिले हैं। वहीं शव के पास युवती का आधारकार्ड व जहरीले पदार्थ की शीशी पडी मिली।पुलिस ने सभी साक्ष्य एकत्र कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।युवती के पिता ने बताया कि रविवार दोपहर दो बजे वह मवेशियों के लिए चारा लेने घर से निकली थी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व एएसपी शशि शेखर सिंह ने भी घटनास्थल की जांच की है।

## चोर समझ कर युवक को दो भाईयों ने जमकर पीटा, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में काली मिट्टी चौराहा के पास घरों के पास घूम रहे युवक को चोर समझ कर दो सगे भाईयो बुरी तरह से मारापीटा जिससे वह बेहोश हो गया।मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां उसकी मौत हो गयी।पुलिस ने पिटाई करने वाले युवकों को हिरासत में ले लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।मृतक बांगरमऊ ब्लाक में तैनात सफाई कर्मी बताया जा रहा है। बांगरमऊ कोतवाली के चहलहा मजरे हुलासखेड़ा निवासी मान सिंह (37) पुत्र स्व. श्रीपाल सफाई कर्मी था। उसकी तैनाती बांगरमऊ ब्लाक क्षेत्र के फरीदपुर कट्टर में थी। बीती रात वह नशे की हालत में कालीमिट्टी चौराहे पर पहुंच गया। जहां के रहने रहने वाले राम प्रसाद के बेटों पुतान व सतीश ने उसे चोर समझ कर उसे इस कदर पीटा कि वह बेहोश हो गया। मामले की जानकारी पर पहुंची पीआरवी ने थाने को सूचना दी और युवक को बेहोशी की हालत में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।यहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर पुलिस पिटाई करने वाले भाईयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस मामले में सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि युवक किसी इरादे से यहां पहुंचा था। घटना को कैसे अंजाम दिया गया है। सभी पहलुओं पर पूछताछ व जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल दो नामित व कुछ अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पति की मौत की सूचना पर पत्नी आरती रो रोकर बेहाल है।उसे अब यह चिंता सता रही है कि उसके दो बच्चों कार्तिक (12) व मानवी (10) की परवरिश कैसे होगी। परिजनों ने बताया कि आपसी अनबन के चलते पत्नी बीते दो साल से मायके में रह रही थी। बीते रविवार दोपहर तकरीबन साढे तीन बजे वह फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के दोस्तपुर शिवली निवासी मौसी के गया था। उसके बाद क्या इस बारे में परिजन कोई जानकारी नहीं दे सकें।

## दबंगो ने पिता पुत्र को लाठी डंडों से जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर में एक युवक और उसके पिता को कुछ युवकों द्वारा बेरहमी से सरेआम पीटे जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित की ओर से सदर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की गयी है।

सदर कोतवाली के मोहल्ला अकरमपुर निवासी नईम पुत्र मकसूद अली ने कोवताली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह सोमवार को अपने पिता के साथ अकरमशाह पीर बाबा की मजार में मरम्त का काम करा रहा था। इसी दौरान गांव के ही मुमताज उर्फ लल्लू, मुस्ताक, सलमान व तौफीक वहां पहुंचे और उससे गाली गलौज करते हुए निर्माण कार्य का विरोध करने लगे। जिस पर उसने आरोपियों को बताया कि यह काम सबकी सहमति से हो रहा है और उसने गाली गलौज करने का विरोध किया। जिस पर आरोपियों ने उसे व उसके पिता की लाठी, डंडो व बैटों से बुरी तरह मारपीट की जिससे पिता पुत्र घायल हो गए। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।मारपीट करने वालों में हमलावरों के तीन चार साथी शहर के कंजी मोहल्ला से आए थे।पिता पुत्रों के साथ हुई मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पिता पुत्रों को मेडिकल के लिए भेजा है।बताया जा रहा है कि दूसरे पक्ष ने भी मगरवारा चौकी पुलिस से सांठगांठ कर तहरीर दी है जिस पर क्रास रिपोर्ट लिखाने के इरादे से उनकी की भी डॉक्टरी कराई गयी है।

## जिलाधिकारी ने बालिका जागरूकता रैली का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देशन में बालिका जागरुकता रैली कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी उन्नाव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर उन्नाव से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तक किया गया बालिका जागरुकता रैली कार्यक्रम में श्याम कुमारी सेठ, जी नाथ जी विद्यालय राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ।सभी विद्यालय की लगभग 550 छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। बालिका जागरूकता रैली को जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रैली के समापन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में




किया गया। समस्त बालिकाओं को समापन होने पर जलपान कराया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में अपूर्वा दुबे जिलाधिकारी ऋषि राज मुख्य विकास अधिकारी ,अपर जिला अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमा नाथ राय, बाल संरक्षण अधिकारी संजय कुमार मिश्र, दिवाकर ओझा, बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता हरिवेंद सिंह,काउंसलर कल्पना श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री का मनाया गया जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के पावन अवसर पर जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों, शासकीय भवनों एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रभात फेरी, स्वच्छता जागरूकता रैली, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ रैली, एक युद्व नशे के विरूद्व, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गोष्ठियां, रक्तदान शिविर आदि विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान शैक्षणिक संस्थानों में गॉधी जीवन दर्शन पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, वहीं सभी ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों की मलिन बस्तियों में अभियान चलाकर साफ-सफाई का कार्य कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

कलेक्टेट में आयोजित गॉधी जयन्ती समारोह में महात्मा गॉधी व शास्त्री जी के चित्र पर डीएम अपूर्वा दुबे सहित अन्य अधिकारियों व



कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित किये गये तथा गॉधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तैने कहिए जी, पीर पराई जाने रे एवं रघुपति राघव राजा राम की मनमोहक रामधुन का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा गॉधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। डीएम ने इस मौके पर कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।इस दिन हमारे देश की दो महान विभूतियों का जन्म हुआ है। इन्हीं की वजह से आज हमें गर्व से जीवन जीने का मौका मिला है।इसके लिए हम अपने महापुरूषों के सदैव ऋणी रहेंगे।उन्होने कहा कि अंग्रेजों से आजादी दिलाकर हमारे महापुरूषों ने हमें एक सुन्दर भविष्य दिया है, हमे महापुरूषों द्वारा सुझाए गये रास्ते पर चलकर एक अच्छे एवं समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करना है। हम सभी बहुत सौभाग्यशाली है जो हमे स्वतंत्र भारत में जीने का अवसर मिला है।हम सभी को अपने पद व अपनी क्षमता के अनुसार निर्भीकता व निरन्तरता के साथ कार्य करना चाहिए।हमे किसी भी प्रकार का भेद-भाव नही करना चाहिए। सभी लोग अपने कार्य व व्यवहार से अपनी पहचान बनाए और सच्ची निष्ठा से कार्य करें। अपनी जीवन शैली में गॉधी दर्शन को ढालें, यही हम सबकी बापू को सच्ची श्रद्धान्जलि होगी।इस मौके पर एडीएम (वि/रा0) नरेन्द्र सिंह ने कहा कि गॉधी जी ने पूरे विश्व को सत्य एवं अहिंसा का पाठ पढ़ाया। समाज के प्रति गॉधी जी का द्दष्टिकोण हर वर्ग के उत्थान का था। वह नशा मुक्त भारत चाहते थे, क्योंकि नशा शरीर को नष्ट करने के साथ-साथ अर्थतन्त्र को तोड़ता है एवं सामाजिक स्तर को भी गिराता है। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह ने कहा कि गॉधी जी की कथनी और करनी में अन्तर नही था।वह दूसरों को वही कार्य करने के लिए प्रेरित करते थे, जिस पर वह स्वयं अमल करते थे। गॉधी जयन्ती के अवसर पर जनपदवासियों को स्वच्छता, बालिका शिक्षा एवं नशामुक्ति का सन्देश देने के उद्देश्य से कलेक्टेट परिसर से जिलाधिकारी द्वारा बालिका जागरूकता रैली एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ किया।इस अवसर पर नगर मजिस्टेट अरूणमणि तिवारी, डिप्टी कलेक्टर अतुल कुमार सहित समस्त कलेक्टेट भवन में स्थित कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भवः कार्यक्रम का बकेवर कस्बे में हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बकेवर/फतेहपुर, जनपद फतेहपुर के बकेवर कस्बे में आयुष्मान भवः कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बकेवर बुजुर्ग ग्राम सभा मे लोगो को बुलाकर ऐनम अंजलि ने पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग संबंधी जानकारियां दी ।जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना , क्षय रोग पोषण योजना, कुष्ठ रोगी हेतु पेंशन योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, परिवार नियोजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण राष्ट्रीय छह रोग कार्यक्रम राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम,



एमसीडी कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम,और 102-108 एम्बुलेंस सेवा के विषय में जानकारियां दी ।इस समय गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं, केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा हर वर्ष 5 लाख रुपए इलाज कराया जाएगा। इसकी उपयोगिता कहां-कहां हो सकती है इसकी जानकारी दी ।लेकिन भारत वर्ष के अंदर आप कहीं भी हो इसका लाभ ले सकते हैं।कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को यह शपथ दिलाई की जितने लोग भी इस कार्यक्रम में मौजूद है वह सभी आयुष्मान के विषय में अपने आस पड़ोस भी जानकारी उपलब्ध कराऐ और दो महीने के अंदर अपने गांव को पूर्ण आयुष्मान भव का दर्जा दिलाये।इस समय आभा आईडी बनी है तो सभी गांव के लोग आशा बहू का भी सहयोग करें।मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में जयराम प्रधान और आशा बहुएं विद्या देवी, लक्ष्मी दुबे, सीमा शुक्ला, राजेश्वरी, अनिल पासवान, जनार्दन तिवारी मौजूद रहे।

## बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर तीन घायल, हालत गंभीर




अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र लखनऊ बागरमऊ रोड नसरत पुर गांव के पास मियागंज की तरफ जा रहे एक बाइक पर तीन सवार रघुवीर 52 वर्ष, शिवपति 45 वर्ष , रेनू 26 वर्ष निवासी रहमतगंज को मियागंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक टक्कर मारते हुए मोहान की तरफ भाग निकला टक्कर लगने से तीनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए , सूचना पर पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहा डॉक्टर ने रघुवीर की हालत गंभीर देख कर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## जयंती पर महान पुरुषो के चित्रों पर विधायक ने पुष्प अर्पित कर किया नमन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने राष्ट्रपिता महात्मा गान्धी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर नगर पालिका परिषद बांगरमऊ में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। श्रीकान्त कटियार ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने ह्लस्वच्छ भारतह्व का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया



और इसके सफल कार्यान्वयन हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की ।इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है ।और आज महात्मा गांधी की 154 वी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा के अन्तर्गत 154 घण्टे सफाई महा अभियान में योगदान करने वाले स्वच्छता ग्राहियों को सम्मानित किया। तत्पश्चात तकिया निगोही में स्थित वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धजनों को निःशुल्क चश्मा वितरित कर उनके भोजन,रहने और स्वास्थ्य की जानकारी ली ।श्रीकान्त कटियार ने कहा कि हम सभी लोगो को बुजुर्गो, वृद्धजनों व असहाय लोगो की मदद करनी चाहिए और उनकी सेवा करनी चाहिए और ये हमेशा ख्याल रखना चाहिए कि हमारी किसी बात से उनका दिल न दुखे ।बुजुर्गो का आशीर्वाद माता पिता के आशीर्वाद के समान होता है। इस अवसर पर चेयरमैन रामजी गुप्ता,अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव,सफीपुर उपजिलाधिकारी रामदेव निषाद,डॉ. महेन्द्र सिंह,पुत्तीलाल गौतम,प्रमेश चौधरी मौजूद रहे।

चिंतन

## भारतीय कृषि को एक और क्रांति की जरूरत

भारत के महान अनुवांशिक वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन के निधन से कृषि अनुसंधान और शिक्षा के एक युग का अंत हो गया है। आजादी के वक्त अनाज संकट के दौर से गुजर रहे भारत को महज 25 वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में अहम किरदार निभाने वाले हरित क्रांति के जनक वैज्ञानिक स्वामीनाथन देशवासियों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। उन्होंने हरित क्रांति के जरिये देश में कृषि क्षेत्र में नवाचार की ऐसी नींव रखी कि आज भारत न केवल खाद्यान्न के बफर स्टॉक के साथ उत्पादन में आत्मनिर्भर है, बल्कि वह पचास से अधिक देशों को निर्यात भी कर रहा है। आजाद भारत में पहली कृषि क्रांति लाने वाले स्वामीनाथन के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अनुवांशिकी विशेषज्ञ और अंतर्राष्ट्रीय प्रशासक स्वामीनाथन के प्रयत्नों का परिणाम यह है कि भारत में खाद्यान्नों के उत्पादन में निरंतर वृद्धि होती रही है। अनेक पुरस्कारों से सम्मानित स्वामीनाथन ने कृषि मंत्रालय में प्रधान सचिव (1979-80), योजना आयोग (1980-82) में कार्यवाहक उपाध्यक्ष और बाद में सदस्य (विज्ञान और कृषि) और फिलीपीन के अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में महानिदेशक (1982-88) पद पर भी अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने 2010 से 2013 तक खाद्य सुरक्षा पर विश्व समिति के लिए उच्च स्तरीय विशेषज्ञ पैनल की अध्यक्षता भी की। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में अफगानिस्तान और म्यांमा में चलायी जा रही परियोजनाओं पर नजर रखने के लिए विदेश मंत्रालय द्वारा गठित कार्यबल की भी अध्यक्षता की। आज जब स्वामीनाथन हमारे बीच नहीं हैं, तो उनके उत्तराधिकारियों का फर्ज है कि वे भारतीय कृषि व अनुसंधान में नव प्रयोग के सिलसिले को थमने ना दें। आज भारत कृषि क्षेत्र में काफी अच्छी स्थिति में है। गन्ना, बाजरा, जूट, अरंडी, आम, केला, अंगूर, कसाबा, मटर, अदरक, पपीता और दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है, तो गेहूं, चावल, फल और सब्जियाँ, चाय, आलू, प्याज, लहसुन, चावल, बिनौला उत्पादन में दूसरे व उर्वरक उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। भारत का कृषि निर्यात 50 अरब डॉलर की ऐतिहासिक उंचाई पर पहुंच गया है। इसके बावजूद भारत स्वामीनाथन का कृषि को लाभकारी बनाने का सपना पूरा नहीं कर सकता है। देश की कृषि अच्छी होने के बावजूद किसानों की स्थिति में गुणात्मक सुधार नहीं आया है। खुद मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आते वक्त वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था, आज देश वर्ष 2023 में है, लेकिन दोगुनी आय का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका है। सरकार की ओर से किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, भावांतर योजना, मंडी सुधार योजना जैसे अनेक प्रयास किए गए हैं, इसके बावजूद किसानों की दशा नहीं सुधरी है। किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। विदर्भ, पंजाब, आंध्र प्रदेश आदि क्षेत्रों से किसान आत्महत्या की खबरें आती हैं। कृषि जीडीपी में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। कृषि क्षेत्र में भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की क्षमता है, बस इस क्षेत्र में सरकार को ईमानदारी से नीतियां लागू करने की आवश्यकता है। अभी किसान पूंजी, कर्ज, सिंचाई की कमियों, एमएसपी की पहुंच में कमी, मंडी में बिचौलियों का दबदबा, भंडारण की दिक्कत आदि से कृषि क्षेत्र दोचार हैं। हरित क्रांति से सीखते हुए आज 21वीं सदी में हमारी कृषि को एक और क्रांति की जरूरत है। सही मायने यही एमएस स्वामीनाथन को राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



स्मृति शेष

शंभू भद्र

# कृषि पुनर्जागरण के 'स्वामी'

स्वामीनाथन ने 1960 के दशक में भारत में अकाल जैसी परिस्थितियों में कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति लाने के लिए किसानों व सरकार की नीतियों के साथ नॉरमोन बोरलॉग के साथ मिलकर कृष्वि वाचार हेतु काम किया। बंगाल में अकाल व भारतीय उपमहाद्वीप में अनाज की कमी को देखते हुए स्वामी ने आईपीएस की नौकरी को छोड़कर कृषि क्षेत्र को अपना जीवन समर्पित किया। आधुनिक भारतीय कृषि के 'आधारपुरुष' स्वामीनाथन को ही कृषि क्षेत्र में कायापलट लाने वाली संकर क्रांति का श्रेय जाता है। कृषि में एमएस स्वामीनाथन के अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। वे सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

भारत अगर खाद्यान्न उत्पादन में आज न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि निर्यातक भी है, तो इसके पीछे जिस वैज्ञानिक शख्सियत की सोच थी, वह कोई और नहीं, मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन (एमएस स्वामीनाथन) थे। 98 वर्ष की आयु में उनका निधन भारतीय कृषि क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है। प्रतिष्ठित आनुवांशिक वैज्ञानिक स्वामीनाथन को भारत की सफल हरित क्रांति का जनक माना जाता है। उन्होंने 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकसित किए थे। स्वामीनाथन ने 1960 के दशक में भारत में अकाल जैसी परिस्थितियों में कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति लाने के लिए किसानों व सरकार की नीतियों के साथ नॉरमोन बोरलॉग के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने उच्च उपज वाली संकर बीज, मशनीकृत कृषि उपकरण, नई हार्वेस्टिंग तकनीक, नई सिंचाई प्रणाली, उच्चगुणवत्ता के उवर्रक के प्रयोग जैसे नवाचार से भारतीय कृषि की तस्वीर बदल दी। आज भारत अगर करीब पांच लाख टन अनाज के बफर स्टॉक पर बैठा है तो, इसके पीछे स्वामीनाथन जैसे कृषि वैज्ञानिकों व प्रगतिशील किसानों का अथक परिश्रम है। बंगाल में अकाल व भारतीय उपमहाद्वीप में अनाज की कमी को देखते हुए स्वामी ने आईपीएस की नौकरी को छोड़कर कृषि क्षेत्र को अपना जीवन समर्पित किया। आधुनिक भारतीय कृषि के 'आधारपुरुष' स्वामीनाथन को ही कृषि क्षेत्र में कायापलट लाने वाली संकर क्रांति का श्रेय जाता है।

भारत की हरित क्रांति की यात्रा काफी लंबी है, कभी सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत को विदेशी आक्रांताओं के अनेकानेक जुल्म ओ सितम सहना पड़ा है। भारतीय कृषि क्षेत्र भी इससे अधूरा नहीं है। आजादी के बाद देश जब अपनी विकास यात्रा शुरू कर रहा था, तो सबसे बड़ा संकट उस समय के हिसाब से करीब 32 करोड़ की आबादी का पेट भरना था। ब्रिटिश हुकूमत ने भारतीय कृषि की रीढ़ तोड़ दी थी, देश की ऐसी हालत थी कि वह अपनी जनता का पेट भरने लायक अनाज का भी उत्पादन नहीं कर पा रहा था। भारत के संबंध में यह धारणा बन चुकी थी कि कृषि से जुड़े होने के बावजूद भारत के लिए भुखमरी से निजात पाना कठिन है। एमएस स्वामीनाथन ही वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने सबसे पहले गेहूं की एक बेहतरीन किस्म को पहचाना और स्वीकार किया। यह मैक्सिकन गेहूं की एक किस्म थी, जिसे स्वामीनाथन ने भारतीय खाद्यान्न की कमी दूर करने के लिए सबसे पहले अपनाने के लिए स्वीकार किया। स्वामीनाथन के प्रयत्नों का परिणाम यह है कि भारत की आबादी में प्रतिवर्ष पूरा एक ऑस्ट्रेलिया समा जाने के बाद भी खाद्यान्नों के मामले में वह आत्मनिर्भर बन चुका है। 'हरित क्रांति' कार्यक्रम के तहत ज़्यादा उपज देने वाले गेहूं और चावल के बीज ग़रीब किसानों के खेतों में लगाए गए थे। इस क्रांति ने भारत को दुनिया में खाद्यान्न की सर्वाधिक कमी वाले देश के कलंक से उबारकर 25 वर्ष से कम समय में आत्मनिर्भर बना दिया था। उस समय से भारत के कृषि पुनर्जागरण ने स्वामीनाथन को 'कृषि



क्रांति आंदोलन' के वैज्ञानिक नेता के रूप में ख्याति दिलाई। उनके द्वारा सदाबाहर क्रांति की ओर उन्मुख अवलंबनीय कृषि की वकालत ने उन्हें अवलंबनीय खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में विश्व नेता का दर्जा दिलाया।
एमएस स्वामीनाथन को 'विज्ञान एवं अभियांत्रिकी' के क्षेत्र में 'भारत सरकार' द्वारा 1967 में 'पद्म श्री', 1972 में 'पद्म भूषण' और 1989 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया था। लंदन की रॉयल सोसायटी सहित विश्व की 14 प्रमुख विज्ञान परिषदों ने स्वामीनाथन को अपना मानद सदस्य चुना। इसके अलावा, वे सामुदायिक नेतृत्व के लिए 'मैग्सेसे पुरस्कार', 'अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड साइंस पुरस्कार', पहला 'विश्व खाद्य पुरस्कार', अमेरिका में 'टाइलर पुरस्कार', पर्यावरण तकनीक के लिए जापान का 'होंडा पुरस्कार', फ्रांस का 'ऑर्डर दु मेरिट एग्रीकोल' (कृषि में योग्यताक्रम), मिसूरी बॉटेनिकल गार्डन (अमेरिका) का 'हेनरी शॉ पदक', 'वॉल्वो इंटरनेशनल एंवायरमेंट पुरस्कार', 'यूनेस्को गांधी स्वर्ग पदक' से सम्मानित हो चुके हैं।

विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों के साथ प्राप्त धनराशि से स्वामीनाथन ने वर्ष 1990 के दशक के आरंभिक वर्षों में 'अवलंबनीय कृषि तथा ग्रामीण विकास' के लिए चेन्नई में एक शोध केंद्र की स्थापना की। 'एमएस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन' का मुख्य उदेश्य भारतीय गांवों में प्रकृति तथा महिलाओं के अनुकूल प्रौद्योगिकी के विकास और प्रसार पर आधारित रोजग़ार उपलब्ध कराने वाली आर्थिक विकास की रणनीति को बढ़ावा देना है। फ़ाउंडेशन में स्वामीनाथन और उनके सहयोगियों द्वारा पर्यावरण प्रौद्यौगिकी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली। स्वामीनाथन दक्षिण एशिया के उत्तरदायित्व के साथ पर्यावरण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यूनेस्को में भी पदासीन रहे। उनकी महान विद्वत्ता को स्वीकरते हुए इंग्लैंड की रॉयल सोसाइटी और बांग्लादेश, चीन, इटली, स्वीडन, अमेरिका तथा रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) की राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों में उन्हें शामिल किया गया। वह 'वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसेज़' के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे। 1999 में टाइम पत्रिका ने स्वामीनाथन को 20वीं सदी के 20 सबसे प्रभावशाली एशियाई व्यक्तियों में से एक बताया था। स्वामीनाथन को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा हरित क्रांति में उनके नेतृत्व को रेखांकित करते हुए उन्हें 'आर्थिक पारिस्थितिकी का जनक' बताया गया है। वह 2007 से 2013 तक राज्यसभा सदस्य भी रहे। स्वामीनाथन का जीवन उपलब्धियों से भरा पड़ा है। उन्होंने 70 के दशक के मध्य तक भारत को चावल और गेहूं में आत्मनिर्भर बना दिया था। उन्हें दुनियाभर के विश्वविद्यालयों से डॉक्टरेट की 84 मानद डिग्री प्राप्त हुई थीं। उनकी एक बेटी डॉ. सौम्या स्वामीनाथन विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक हैं। स्वामीनाथन के निधन से कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार के एक ऐसे युग का अंत हो गया जो आसान नवाचार से भरा हुआ था। कृषि में नाथन के अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव जेवियर पेरेज डी सुइलर ने उन्हें ''ऐसी किवदंती बताया जिनका नाम दुर्लभ विशिष्टता वाले विश्व विख्यात वैज्ञानिक के रूप में इतिहास में दर्ज होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन खाद्य सुरक्षा और कृषि से जुड़ी हर अहम पहल का हिस्सा थे और उन्होंने पोषण सुरक्षा के लिए मोटे अनाज पर ध्यान केंद्रित करने में भी अहम योगदान दिया भारत को प्रगति करते देखने का उनका जुनून अनुकरणीय था। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। उन्होंने अपने पीछे एक समृद्ध विरासत छोड़ी है जो दुनिया को मानवता के लिए एक सुरक्षित और भूख-मुक्त भविष्य की ओर ले जाने में मार्गदर्शक के रूप में काम करेगी।

मुद्दा

प्रो . कन्हैया त्रिपाठी



## मानवाधिकारों का दिल्ली घोषणा-पत्र से नई उम्मीदें

देश की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय मानव अधिकारों के प्रशांत मंच ने दिल्ली घोषणा-पत्र जारी किया है, जिसमें एशिया के अनेक देश एकत्रित थे। इस महाकुम्भ में मानव अधिकारों के लिए अनेक धारणाओं को विशेषज्ञों ने व्यापक सुझाव, वैचारिक सहमति और निष्पादन के लिए एकजुटता पर बल दिया। फोरम के बैनर तले यह कहा गया कि हम, राष्ट्रीय मानवाधिकार के एशिया प्रशांत फोरम (एपीएफ) के सदस्य हैं। हम पन्द्रह सूत्रीय प्रतिबद्धताओं के साथ एशिया में मानव अधिकारों की सुरक्षा, संवर्धन और गरिमा की स्थापनाओं के लिए एकीकृत भाव से अपने दायित्वों का निर्वाह करेंगे। विज्ञान भवन में एकत्रित मानवाधिकारवादियों ने सार्वभौमिक मूल्यों की स्थापनाओं में अपनी प्रतिबद्धता दर्ज़ की जिसके मूल में मनुष्य हैं, प्रकृति है, पर्यावरण हैं, जलवायु हैं, गरीबी पर अंकुश है, और दूसरी वे सारी मानव जनित समस्याएं हैं, जिससे पूरी दुनिया आज तबाही और बर्बादी के मोहाने पर कड़ी दिख रही है।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की मेजबानी में यह महासम्मेलन ठीक जी-20 के बाद हुआ और संयुक्त राष्ट्र महासभा अधिवेशन के साथ हुआ है, तो इसका बहुत अधिक महत्त्व है। इसमें जो लोग इसके साक्षी बने वे अपने-अपने देश, संस्था के गणमान्य हैं और अपनी एक अहमियत भी रखते हैं। वर्ष 2023 पेरिस सिद्धांतों को अपनाने की 30वीं वर्षगांठ है। आज दुनिया भर में स्वतंत्र और प्रभावी एनएचआरआई अपने होने का एहसास कराना चाहते हैं। यह ओएचसीएचआर और एनएचआरआई की स्थापना की 30वीं वर्षगांठ भी है। सब मिलाकर देखें तो यह सभी संस्थाएं लगभग एक साथ अपने अस्तित्व में आयीं और सबने अपने-अपने अनुसार कार्य किया यद्यपि सबकी भूमिका को देखा जाए तो, सब अलग-अलग अपना स्थान रखती हैं और सबका एक ही लक्ष्य है मानवाधिकारों का भरपूर संवर्धन हो। ओएचसीएचआर जिसके मार्गदर्शन में मानवाधिकारों की वैश्विक पहल होती है उसकी एक आनुषांगिक संस्था है एनएचआरआई, यह 1993 में ही दुनिया में अस्तित्व में आई। 1993 एनएचआरआई का शुरूआती समय था। आज इसकी संख्या बढ़कर 120 हो गयी है। आज ये विश्व में मानवाधिकारों की बेहतरी के लिए काम कर रही है। पीड़ितों के लिए न्याय और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए एक शक्तिशाली मंच हैं जो मानवाधिकारों के उल्लंघन को समझते हुए कानूनों, नीतियों को क्रियान्वित करने में योगदान करके मानवाधिकारों को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

अब यदि दिल्ली घोषणा-पत्र के मूल सोपान को समझा जाए तो उसके लिए एक उत्कृष्ट कहा जा सकता है कि यह संवाद की लड़ीं थी जो लोगों के जीवन, आजीविका, गरिमा और न्याय से परिपूर्णता के लिए ही एक एकीकृत आवाज़ हैं। इसमें पर्यावरणीय चुनौतियों, कोविड-19 महामारी से उबर रहे लोग और उनकी चुनौतियों, पृथ्वी पर अशांति व युद्ध और संघर्ष की व्यथाओं, हिंसा और भेदभाव की जटिलताओं पर तत्काल सक्रिय कार्रवाई करना चाहती हैं। इसमें गैनहरी सुरक्षा के लिए साझा प्रतिबद्धता के महत्व को प्रदर्शित किया गया। एनएचआरआई की स्थापना और सुदृढ़ीकरण के माध्यम से मानवाधिकारों को बढ़ावा देना पेरिस सिद्धांतों के अनुरूप हो, इसपर बल दिया जाता है इसलिए विरासत को आत्मसात करने, अपनाने, वर्तमान मानवाधिकार चुनौतियों पर व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से पड़ रहे प्रभावों पर खूब बातें हुईं। साथ ही इस पर सभी सहभागी लोग एकमत दिखे कि मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा को सशक्त हम कैसे बना सकते हैं, इस पर हमें गंभीर होना होगा। घोषणा-पत्र की व्यापकता के लिए प्रतिबद्ध मानवाधिकारवादियों ने मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा पत्र की 75वीं वर्षगांठ को मील का पत्थर हम कैसे बना सकते हैं, मानवाधिकारों की सार्वभौमिक मान्यता और परिपालन को विशेष रूप से रेखांकित कैसे कर सकते हैं, इस पर अपने जो मंतव्य रखे उससे यह तो दिखा कि सबको मानवाधिकारों की नितांत ज़रूरत है

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित

दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

## गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित

प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## गणेश विसर्जन



मुंबई में गुरुवार को गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान मूर्ति के विसर्जन से पहले एक जुलूस के दौरान भगवान गणेश की एक मूर्ति को एक संकरी गली से ले जाया जा रहा।

### आज की पाती

**आवश्यकता कम करने से भौतिक प्रतिस्पर्धा होगी कम**

मनुष्य का जीवन पशु की तरह आहार और निद्रा तक ही सीमित नहीं है। विश्व का सर्वश्रेष्ठ प्राणी होने के नाते उसमें दया, प्रेम और सहानुभूति की भावना होती है। इन भावनों से ही मनुष्य और पशु में अंतर किया जा सकता है। आज मनुष्य में दया, प्रेम और सहानुभूति की भावना खत्म होती जा रही है। रास्ते पर हुए दुर्घटना को देखकर हम मुंह मोड़ कर चले जाते हैं। हममें दया और प्रेम की भावना खत्म होती जा रही है। शायद यह समय के साथ बढ़ती हिंसा और परिवार विघटन के कारण है। हमें शिक्षा भी ऐसी नहीं दी जाती है जिसमें मानव के प्रति प्रेम की भावना हो। आज बच्चों के हाथ में मोबाइल आने से हिंसक फिल्में और सीरियल उसे प्रेरित कर रहे हैं। समय रहते इस पर लगाम लगाना होगा।

*- कांतिलाल मांडोत सूरत*

### करंट अफेयर

## किम का परमाणु हथियार उत्पादन बढ़ाने का आव्हान

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने परमाणु हथियारों के उत्पादन में तेजी से वृद्धि करने और 'नए शीत युद्ध' में अमेरिका का सामना कर रहे देशों के गठबंधन में अपने देश के बड़ी भूमिका निभाने का आह्वान किया। सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि किम ने देश की संसद के दो दिवसीय सत्र के दौरान ये टिप्पणियां कीं। संसद सत्र के दौरान देश के परमाणु हथियार कार्यक्रम का विस्तार करने की किम की नीति को शामिल करने के लिए संविधान में संशोधन किया गया। यह संसद सत्र तब आयोजित किया गया है



### ऑफ बीट

## चालक रहित कारें विकलांगों को प्रदान करेगी काफी राहत

आप चाहें या न चाहें, निकट भविष्य में हमारी सड़कों पर ड्राइवर रहित कारें दिखाई देने लगेंगी। सिद्धांत रूप में, पूरी तरह से स्वायत्त चालक रहित वाहन विकलांग लोगों को भारी लाभ प्रदान करेंगे। अक्सर, विकलांग लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते समय कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्हें अक्सर लिफ्ट के लिए दोस्तों और रिश्तेदारों पर निर्भर रहना पड़ता है या टैक्सियों पर अपने सीमित बजट का बहुत अधिक हिस्सा खर्च करना पड़ता है।



### ट्रेंड

**आजादी के प्रतीक**

भारत की स्वतंत्रता शहीद भगत सिंह का बलिदान और अटूट समर्पण पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। वे साहस के प्रतीक थे, वे हमेशा न्याय और स्वतंत्रता के लिए भारत की अथक लड़ाई का प्रतीक रहेंगे। जयंती पर स्मरण।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



**गहरी संवेदना**

श्री एमएस स्वामीनाथन के परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना। भूख मुक्त भारत के लिए उनकी अनुकरणीय दृष्टि ने देश को महत्वपूर्ण समय में खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण अंतर को पाटने में मदद की।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



**हम मरणशील हो रहे**

हे देवाधिदेव। उज्जैन में एक बिटिया के साथ जो दरिंदों ने किया और उसके बाद उसके दर्द व लज्जा के प्रति जो निष्ठुर सामाजिक उपेक्षा दिखाई दी उसके अपराध के लिए हम सबको क्षमा कर देना। समाज के तौर पर हम सब मरणशील हो रहे हैं।

-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि



**फर्जी वीडियो**

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वहीदा जी बगीचे में "आज फिर जीने की तमन्ना" पर नाच रही हैं। उनके परिवार ने मुझे सभी को सूचित करने को कहा है कि यह नकली वीडियो है। ठीक है दोस्तों? अब तुम्हें पता है!

-सिमी ग्रेवाल, अभिनेत्री



संक्षेप

## मिल्कीपुर में अआधमरी हालत में मिला किशोर

### किशोर के मुंह में पॉलिथिन और हाथ-पैर थे बंधे, मॉर्निंग वॉक पर निकले युवकों ने पहुंचाया अस्पताल

मिल्कीपुर, अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग हाईवे पुलिया के नीचे एक किशोर मिला। जिसका हाथ बंधा हुआ और मुंह में पॉलिथीन भरी थी। सिर को झोले से बांधा गया था। वहां से दौड़ लगा रहे कुछ लड़कों की नजर किशोर पर पड़ी, जिसके बाद युवकों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किशोर को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिल्कीपुर में मॉर्निंग दौड़ लगा रहे कुछ युवक थक कर एक पुलिया के पास आराम के लिए रुक गए। तभी नीचे किसी व्यक्ति के जोर-जोर से सांस लेने की आहट मिली। जिसके बाद लड़कों ने किशोर को बाहर निकालते हुए 112 पुलिस टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही तत्काल पीआरबी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दम घुटने से मरणासन्न स्थिति में पहुंचे किशोर को इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ रश्मि श्रीवास्तव द्वारा हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि उपचार चल रहा है। पीआरबी पुलिस टीम के हाथ किशोर का मोबाइल लग गया है। जिसमें किशोर के एक दोस्त ने व्हाट्सएप पर मैसेज लिखा था कि आपके साथ कुछ गलत होने वाला है। पुलिस अब मोबाइल के सहारे किशोर की हत्या के प्रयास में शामिल अपराधियों तक पहुंचने की जुगत में है।

## राठ में युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, इसी साल होनी थी शादी

राठ, हमीरपुर में राठ क्षेत्र के चिकासी थाना अंतर्गत सिजगुंआ गांव में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में मकान के आंगन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जब मृतक के परिजनों ने उसे मृत अवस्था में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक के भाई अरुण ने बताया कि बीते दो वर्ष पूर्व उसके भाई अरविंद का गांव में ही मुकेश, जीतू और भगवानदास से झगड़ा हुआ था। बताया कि उक्त झगड़े में भगवानदास मुकेश और जीतू ने उसके भाई अरविंद आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि बीते दिन उसी मुकदमे से सम्बंधित नोटिस आने से उसका भाई परेशान हो गया था। बताया कि घर के सभी लोग उसी नोटिस के चलते मुकदमे की तारीख पर हमीरपुर गए हुए थे। वह जानवरों को चराने के लिए खेतों की ओर गया था। तभी उसे अरविंद के फांसी लगाने की सूचना प्राप्त हुई। आशंका जताते हुए कहा कि उक्त लोगों ने ही उसके भाई की हत्या कर उसके शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया है। परिजनों ने बताया कि मृतक अरविंद का विवाह भी जालौन जनपद के मकरेछा गांव की निवासी युवती के साथ तय हो गया था।

# आपसी संघर्ष में गई बाघ की जान: डीएफओ

### किसानों पर हमला करने वाले बाघ की हुई मौत
### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आपसी संघर्ष की पुष्टि

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सदर रेंज क्षेत्र के अंतर्गत बर्दिया गांव के निकट बाघ के हमले में खेत की रखवाली कर रहे दो किसान घायल हुए थे। जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। वही ट्रैंकुलाइज कर पकड़े गए बाघ का इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जिसका पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम में पाया गया कि बाघ की मौत आपसी संघर्ष में हुई है। प्रभागीय वना अधिकारी कतर्नियाघाट आकाशदीप बधावन ने बताया कि कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अन्तर्गत दिनांक 30 सितम्बर की सुबह समय लगभग 09 बजे कटियारा बीट के धान के खेत से लगे वनक्षेत्र की सीमा नाली में एक बाघ को अस्वस्थ्य अवस्था में देखा गया। उक्त की सूचना प्राप्त होते ही ललित कुमार वर्मा मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर-खीरी तथा आकाश दीप बधावन प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग बहराइच द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि धान के खेत में सीमा नाली के समीप बांस झाड के किनारे एक नर बाघ लेटा हुआ था जो काफी थका हुआ प्रतीत हो रहा था तथा जोर-जोर से हाफ रहा था। मौके पर उपस्थित पशुचिकित्सकों द्वारा तत्काल यथासंभव समीप जाते हुए बाघ का विधिवत अवलोकन किया गया जिसमे पता चला कि बाघ के सिर और गले पर गहरे घाव है जो संभवतः आपसी संघर्ष में हुए हैं। उक्त बाघ को रेस्क्यू कर करते हुए रेंज कार्यालय कतर्नियाघाट लाया गया तथा उपचार प्रारम्भ किया गया कि रात्रि समय लगभग 9:15 बजे उक्त बाघ की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृत नर बाघ की उम्र 4-5 वर्ष है। राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण एनटीसीए द्वारा जारी मानक प्रचलन प्रक्रिया सीओपी के अनुसार उच्च स्तर से गठित पैनल द्वारा नर बाघ के शव का अन्त्य परीक्षण/पोस्टमार्टम एक सितम्बर को कतर्नियाघाट रेंज परिसर में किया गया। पोस्टमार्टम के पश्चात गठित पैनल के पशुचिकित्सकों द्वारा उक्त नर बाघ की मृत्यु आपसी संघर्ष में होने की पुष्टि की गई।

# स्वच्छता संकल्प दिवस के रूप मे मनाया गयी गांधी जयन्ती

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। तहसील मुख्यालय कैसरगंज सहित विभिन्न क्षेत्रो मे महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया। सभी सरकारी कार्यालयों एंव शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण एवं महात्मा गांधी जी के चित्र तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पणकर उनकों नमन किया गया। उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित ने तहसील परिसर में ध्वजारोहण किया इसके पश्चात राष्ट्रगान एवं समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।स्थानीय कंचन कान्वेंट स्कूल मे विद्यालय प्रबंधक ने उपस्थित सभी शिक्षको को स्वच्छता एवम पर्यावरण की शपथ दिलायी। इस मौके पर विद्यालय की सह प्रबंधक संगीता श्रीवास्तव, अगम स्वरूप श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, के0के0 मौर्या, पी0एल0यादव, मो0 माजिद, अबरार, नसीब, प्रदीप श्रीवास्तव, विजय मिश्रा, मालती सिंह, रंजीत सिंह, शीबा, साक्षी, आयशा, वारिशा, आदि मौजूद रहे।

# रूपईडीहा: झंडारोहण के साथ मनाई गई महात्मा गांधी की जयंती

### लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा से किया याद

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा कार्यालय में 2 अक्टूबर को झंडारोहण, गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य एवम सभासद द्वारा मनाई गई। अध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की गांधी जी सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं थे वे सत्य अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रति अटूट समर्पण के प्रतीक थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की यह 154 सी जयंती मनाई जा रही है। सभासद रजा इमाम रिजवी ने प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने कहा था अहिंसा ही लोकतंत्र की ताकत है। जहीर अहमद, रजा इमाम रिजवी, प्रशांत मदेसिया, रतन पत्रकार संजय वर्मा ने अपने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता भक्ति के बाद दूसरी सबसे बड़ी महत्वपूर्ण चीज है। इस अवसर पर सभासद रईस अहमद, ध्रुव वर्मा, संतोष वर्मा, जाकिर, सुपरवाइजर मनीष गुप्ता, सुजीत मिश्रा, अजय वर्मा व सफाई कर्मी सहित दर्जनों नागरिकों द्वारा सहभागिता की गई।



# धूम धाम से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। जश्ने ईद मिलादउन नबी, सल्लल्लाहू अलैहि वाले वसल्लम के मौके पर नगर मे धूमधाम से मनाया गया। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर लाइटिंग गेट लाइटिंग झालर एवं फ्लावर से नगर को सजाया गया। देर रात तक नातिया मुशायरा एवं तकरीरी प्रोग्राम किया गया।शायरों ने अलग अलग अंदाज में नातियां कलाम पेश किए।इस क्रम में नगर के कटरा दक्षिणी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कॉफी स्टाल लगाया गया व बहुत ही खूबशूरत मस्जिद बनाई गई। जिसको देखने के लिए पूरी रात भर तांता लगा रहा। इसके कायम कर्दा मो0 रफी, समाज सेवी इसरार सिद्दीकी, रियाजुद्दीन, मो0 आदिल, इंतिजार अहमद ने आए हुए सभी मेहमानों का खैर मकदम किया।इसके अलावा अहमद शाह नगर में स्थित तकिया मस्जिद के मैदान में तकरीरी प्रोग्राम किया गया। जुलूसए मोहम्मदी अध्यक्ष मुफीद अहमद( उर्फ छोटू )व फिरोज जौहरी पूर्व सभासद सारिफ अहमद, मन्नान अहमद, इबाद खा, अजीमुद्दीन अज्जी एवं अन्य सदस्यों ने आए हुए सभी मेहमानों का इस्तकबाल किया।मुख्य अतिथि कैसरगंज विधायक आनंद यादव ने शायरों की हौसला अफजाई की। जश्ने ईद मिलादुन्नबी स0 में उलेमा ने अल्लाह के प्यारे महबूब हुजूर सल्लललाहू अलैह वसल्लम की यौम-ए-पैदाइश पर तकरीर पेश की।उन्होंने बताया कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने दुनियां में अमनो शांति का संदेश दिया। वही नगर के कटरा उत्तरी स्थित मस्जिद के पास नातिया मुशायरा का भी आयोजन किया गया जिसमें शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किए। शायर शकील आरफी, सलीम रामपुरी, जमाल गोंडवी शायरों आदि लोगों ने अपने अपने अंदाज में नबी की शान में कलाम पेश किए। मुस्लिम समाज के लोगों ने घरों और मोहल्लों में भव्य सजावटें की। हर वर्ष ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम बहुल क्षेत्र जरवल नगर के कटरा उत्तरी पश्चिम वाली मस्जिद से विशाल जुलूस निकाला जाता है। जिसमें अंजुमने पढ़ते हुए कटरा दक्षिणी होते हुए जरवल सराय, बाजदारी तकिया मोहल्ला, व चौक, होते हुए सराय में जुलूस का समापन किया जाता है। वही शांति व्यवस्था के नाम पर पुलिस की सिर्फ खाना पूर्ति ही रही।

# मिहींपुरवा में पैरा लीगल वैलिंटियर ने आयोजित किया स्वच्छता अभियान कार्यक्रम

### गांधी जयंती पर पीएलवी ने तहसील परिसर में की साफ-सफाई

अमन लेखनी समाचार




मिहींपुरवा, बहराइच। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में तहसील मिहींपुरवा मोतीपुर में तहसीलदार /सचिव विधिक सेवा समिति तहसील मिहिपुरवा अंबिका चौधरी के नेतृत्व में पी.एल.वी (पैरा लीगल वैलिंटियर) के द्वारा तहसील परिसर में साफ सफाई का कार्य किया गया। साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। तहसीलदार व सचिव अंबिका चौधरी ने कहा कि गांधी जी के जन्मदिन अवसर पर आयोजित स्वच्छता अभियान में साफ सफाई करने के साथ ही सभी लोग स्वच्छता का संकल्प ले कि अपने आसपास की सफाई की जिम्मेदारी हम स्वयं निभाएंगे। श्री चौधरी ने बताया यह कार्यक्रम एक हफ्ते तक निरंतर चलता रहेगा। इस मौके पर पीएलवी हंसराम, चन्द्र भान सिंह, विजय कुमार, मिथिलेश कुमार, अमित कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दु:खद: दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

अमन लेखनी समाचार


मौसम शुक्ला फाइल (फोटो)

मोतीपुर, बहराइच। नानपारा लखीमपुर राजमार्ग पर रविवार को देर शाम हुई दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में लखनऊ मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही एक की मौत हो गयी तथा चार गम्भीर रूप से घायलों का सीएचसी मिहीपुरवा पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मिहीपुरवा निवासी मौसम शुक्ला 40 वर्ष अपनी स्कूटी से साथी अंकित के साथ जालिमनगर पुल की ओर जा रहे थे। गूढ़ के पास सामने से तेज रफ्तार मोटर साइकिल से गिरगिट्टी निवासी दिलीप पुत्र कन्धई से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को उपचार है हेतु सीएचसी मिहीपुरवा लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद मौसम शुक्ला की गम्भीर हालत को देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेन्टर रेफर किया गया ट्रामा सेन्टर पंहुचते ही मौसम शुक्ला ने दम तोड दिया। अन्य घायलों का इलाज बहराइच जिला अस्पताल में किया जा रहा है वहीं दूसरी घटना नैनिहा मण्डी खपरा वन चौकी के बीच हुई है जहां पर जंगल में सडक संकरी होने के कारण साइड देने के चक्कर में एक अज्ञात पिक अप से पकरा देवरिया निवासी चिम्मन महराज के मोटर साइकिल को ठोकर मारकर घायल कर दिया। जिन्हें सीएचसी मिहीपुरवा लाने पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत को देखते हुए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया है।

# चोरी की योजना बनाते दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच प्रशांत वर्मा द्वारा चोरी की घटनाओं की रोकथाम व चोरी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पांडे के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविंद वर्मा मय हमराही पुलिस बल के द्वारा मुखबिर की सूचना पर बाबागंज रेलवे स्टेशन के पास से चोरी की योजना बनाते हुए दो अभियुक्त दिलीप कुमार पुत्र राम किशोर वर्मा व प्रमोद कुमार पुत्र बदलू गंगापुर जैतापुर कों गिरफ्तार किया गया जामा तलाशी के दौरान दोनों अभियुक्तो



के पास से दो अदद चाकू, एक टार्च व एक लोहे की राड बरामद हुई। जिसके सम्बन्ध में थाना रूपईडीहा पर अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण उपरोक्त कों माननीय न्यायलय बहराइच रवाना किया गया।

# वृद्धजनों का आशीर्वाद हमारे लिए प्रेरणा स्रोत और अनमोल: ब्लॉक प्रमुख

### ब्लॉक मुख्यालय पर अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस का किया गया आयोजन
### धूमधाम से मनाई गई गांधी व शास्त्री जी की जयंती

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। सोमवार को ब्लॉक नवाबगंज विकासखंड मुख्यालय बाबागंज पर गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पद चिन्हो पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व मे अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस कार्यक्रम भी मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी जगमोहन शर्मा ने गांधी व शास्त्री जी के आदर्शो पर प्रकाश डाला। इस दौरान क्षेत्र के कई वरिष्ठ जनों को वृद्ध दिवस के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों का सदैव सम्मान करना चाहिए। वृद्धजनों का आशीर्वाद हमारे लिए प्रेरणा स्रोत और अनमोल है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी राहुल पांडेय, एडीओ पंचायत अशफाक अहमद, प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# हमीरपुर में चार दुकानों में चोरी

- चोरों ने ताले तोड़कर हजारों की नगदी सहित सामान किया पार, कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



राठ, हमीरपुर में अज्ञात चोरों ने चार दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपए की नगदी सहित लाखों का सामान पार कर दिया। घटना के बाद सुबह दुकानदारों ने जब अपनी अपनी दुकानों में लगे शटर के ताले टूटे व बिखरे हुए सामान को देखा तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद पीड़ित दुकानदारों ने राठ कोतवाली में चोरों के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर चोरी का खुलासा कर कार्रवाई की मांग की है। राठ कोतवाली व कस्बे के चरखारी रोड इलाके में कबाड़ की दुकान संचालित करने वाले मोहम्मद हसीम पुत्र शफीक ने राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी कबाड़ की दुकान के ताले तोड़कर दुकान में रखे डेढ़ कुंटल के बांट व एक बोरा पीतल एवं एक बोरा तांबा की चोरी की। अज्ञात चोरों के द्वारा की गई चोरी से लगभ 35 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं किराना और मिठाई की दुकानदार कमल कुशवाहा पुत्र चंद्रपाल कुशवाहा ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे 13 हजार रुपयों के अलावा दुकान में रखा लगभग लगभग 4 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। वहीं सब्जी और हार्डवेयर की दुकान संचालित करने वाली महिला गुड्डू पत्नी बृजेंद्र राजपूत ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी भी दुकान के ताले तोड़कर दुकान की गल्ले में रखी 15 हजार रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। वहीं कीटनाशक और बीज विक्रेता दुकानदार नितिन अग्रवाल पुत्र हरीश अग्रवाल ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उसकी भी दुकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया।

# आदर्श थाना रुपईडीहा में मनाई गई गांधी जयंती



अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। आदर्श थाना रुपईडीहा में 2 अक्टूबर को झंडारोहण, गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शमशेर बहादुर सिंह प्रभारी निरीक्षक के द्वारा मनाई गई। इस मौके पर हिंदू वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष दीपक आर्य ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की गांधी जी सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं थे बल्कि वे सत्य अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रति अटूट समर्पण के प्रतीक थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की यह 154वीं जयंती मनाई जा रही है। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की सक्रिय सदस्य आरती वर्मा ने प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने कहा था अहिंसा ही लोकतंत्र की ताकत है। इस अवसर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारी सहित दर्जनों नागरिकों द्वारा कार्यक्रम मे सहभागिता की गई।

# अब आईएएस कृतिका ज्योतसना के हाथों में सुल्तानपुर की कमान

- 7 महीने ही डीएम रहीं जसजीत कौर, लोग बोले- कहीं बुलडोजर चलाना महंगा तो नहीं पड़ा

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर के चर्चित डॉ. घनश्याम तिवारी मर्डर केस के बाद जिले के अंदर पहली बड़ी कार्रवाई हुई है। सरकार ने डीएम जसजीत कौर का ट्रांसफर कर उनके स्थान पर आईएएस अधिकारी कृतिका ज्योत्सना को कमान सौंपी है। सात महीने में ही डीएम का ट्रांसफर चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर ये भी चर्चा गर्म है कि कहीं डॉक्टर मर्डर केस में सत्तारूढ़ दल के नेता व उसके भाई की जमीन पर बुलडोजर की कार्रवाई तो डीएम को महंगी नहीं पड़ गई। 27 फरवरी 2023 को ही शासन ने डीएम जसजीत कौर को सुल्तानपुर की कमान सौंपी थी। 2 मार्च 2023 को उन्होंने यहां पद भार ग्रहण किया। उनका कार्यकाल भी सुचारू ढंग से चल रहा था। इस बीच अगस्त माह में अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड हुआ तो डीएम ने कड़ा एक्शन लिया। मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर बदमाश सिराज के ठिकाने पर ध्वस्तीकरण कराया। कोर्ट से कुर्की का आदेश हुआ तो उसका घर तक तहस नहस करा डाला। जिस पर उनकी जमकर सराहना भी हुई। जनता दरबार में उन तक फरियाद लेकर पहुंचने वाले फरियादी भी उनसे संतुष्ट रहे। इसी बीच 23 सितंबर को डॉक्टर घनश्याम तिवारी की नृशंस हत्या हुई। आरोपी सत्ताधारी दल के परिवार वालों से जुड़ा हुआ था। राजनैतिक दबाव भी काफी बढ़ा तो तीसरे दिन डीएम एक्शन में आ गई। उन्होंने भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह व हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह की दो जमीनों पर बुलडोजर की कार्रवाई करा दिया। जिसको लेकर पहले सरकार ने अपनी पीठ थपथपाई और अंत में गाज डीएम पर गिरा डाली। इससे पूर्व आईएएस अधिकारी रवीश गुप्ता सुल्तानपुर के डीएम रह चुके हैं।

# संक्षेप

## कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वज फहरा कर गांधी व शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जन्मतिथि के अवसर पर सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।ध्वज फहराया गया और दोनों महापुरुषों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।गोरखपुर कलेक्ट्रेट परिसर में एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने ध्वज फहराया और फिर समस्त प्रशासनिक अधिकारियों ने गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया।कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों ने गांधी व शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। कर्मचारियों ने गांधी के जीवन पर गीत भी प्रस्तुत किया। सभी लोगों ने गांधी और शास्त्री के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी स्वच्छता के पर्याय थे। स्वदेशी, स्वच्छता, सर्वोदय के सबसे बड़े पैरोकार थे। वह महान चिंतक, सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलकर देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। गांधी जी कहते थे कि स्वच्छता को अपने आचरण में इस तरह अपना लो कि वह आपकी आदत बन जाए।उनके सपने को पूरा करने के लिए स्वच्छता को हम सभी को आदत बनानी होगी।और कहा कि साफ-सफाई से ही भारत के गांवों को आदर्श बनाया जा सकता है। दुनिया भर को सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले बापू कहते थे कि स्वच्छता से शहरों को भी सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सकता है, जो आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## छप्पर रखने के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

औग, फतेहपुर।थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुर कटरी मजरे अभयपुर निवासी रामशंकर पुत्र महादेव बड़ाखेड़ा स्थित अपनी जमीन में छप्पर रख रहा था तभी फूलदुलारी पत्नी सुखदेव , दलजीत पुत्र शिवनारायण , चन्द्र राम व राजू पुत्रगण रामखेलावन निवासी गण बड़ाखेड़ा सब एक साथ आए और छप्पर रखने को लेकर कहासुनी हुई और फिर जमकर लात घूसों से रामशंकर की पिटाई कर दी, बीचबचाव करने में भतीजा धर्मेन्द्र भी पीटा गया ।रामशंकर की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त चार लोगों के विरुद्ध मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

## 'पहले प्रदेश में बाढ़-प्रभावित जिले 48 थे, अब 5 है'

मेरठ में मंत्री अनूप प्रधान बोले- 25 जिलों में 8 हजार आपदा मित्रों का चयनमेरठ, मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में मंडल स्तरीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यशाला में राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

# बापू और शास्त्री की जीवन शैली को करें आत्मसात

**– जयंती पर बापू और शास्त्री का किया गया भावपूर्ण स्मरण**

अमन लेखनी समाचार




मैनपुरी।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के हथियार से हम सबको आजादी दिलाई।लाल बहादुर शास्त्री जो देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने। जय जवान जय किसान का नारा देकर किसनो को सर्वोपरि रखा।इस अहिंसा के पुजारी के आचरण और जीवन शैली को अपनाना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गांधी जी ने हमेशा ग्रामीण विकास की बात करते हुएछुआछूत मिटाने, सफाई को बढ़ावा देने के लिए ही संघर्ष किया। यह उड़कर जिला अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में शिक्षा के दौरान रंगभेद के खिलाफ नारा बुलंद किया। फिर भारत आकर देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करने का बीड़ा उठाया। राष्ट्र नायक लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा की जय जवान, जय किसान का नारा देने वाले यह महापुरुष एक किसान परिवार में पैदा हुए और अपने कार्यों से देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान हुए।उन्होंने देशवासियों की पीड़ा को समझा और देश को प्रगति पर लाने, किसानों को कम लागत में पैदावार बढ़ाकर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हरित क्रांति लागू की। इस मौके पर जिले भर के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### सेंट मैरी में गूंजी, रघुपति राघव राजा राम, की धुन

नगर के आश्रम रोड स्थित सेंट मैरी स्कूल में बापू और शास्त्री जयंती का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रार्थना सभा से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्य मनोरमा दास एवं प्रबंधक दीपक जी दास द्वारा गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों का अनावरण माल्यार्पण किया गया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्य दिन चैहान सहित समस्त स्टाफ, स्टूडेंट, ऑफिस वेयरर्स ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।विद्यालय के हेड बॉय एवं हेड गर्ल ने बताया कि गांधी जी ने अपने जीवन में उच्च आदर्शों की नींव डाली।

### किरन सौजिया स्कूल में धूमधाम से मनाई गई गांधी, शास्त्री जयंती

शहर के डॉ. किरन सौजिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉक्टर किर सौजिया ने कहा कि गांधी जी ने कभी यह नहीं कहा की रोशनी के लिए सूरज का होना जरूरी है।उनका मानना था कि अगर आप एक दिया भी जलाएंगे तो वह अंधेरे में प्रकाश कर देगा। विद्यालय के प्रबंधक अशोक यादव ने कहा कि शास्त्री जी सच्चे भारतीय थे।वह हमारी सनातन संस्कृति के प्रतीक थे।

गांधी आश्रम खड़ी भंडार में आयोजित गांधी दर्शन एवं खादी विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास के लिए गौरव का दिन है।

# आईजीएल के बिजनेस हेड के नेतृत्व में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर स्वच्छता जारूकता रैली का निकली गई

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में प्रातः ६ बजे से ८ बजे तक रेलवे स्टेशन से टाउन हाल तक स्वच्छता रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव रहे और विशिष्ट अतिथि परशुराम शुक्ल प्रख्यात समाजसेवी एवं सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यापक कौशल चंद त्रिपाठी जी रहे। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने रैली का रुट समझया और कार्यक्रम के बारे में सभी को विस्तार से बताया। तत्पश्चात रैली को महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव एवं बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इस रैली में आईजीएल के अधिकारी कर्मचारी एवं सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग के छात्र एवं छात्राये शामिल हुई और सभी पैदल मार्च करते हुए शहर को स्वस्छ बनाने की नागरिको से अपील किया और टाउन हाल पहुंचने पर महपौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव एवं बिजनेस हेड एस के शुक्ल, डॉ सुनील कुमार मिश्रा ,परशुराम शुक्ल, शैलेंद्र पांडे, आशीष गुप्ता ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित किया और एक सुर में आह्वान किया की हमें स्वच्छता अपनाना है और बीमारी को दूर भगाना है। इसके उपरांत आईजीएल कंपनी द्वारा सभी छात्रों को एक टीशर्ट और नास्ता दिया गया तथा आईजीएल के कमर्चारियों को एक एक टिफिन बॉक्स देकर उत्साहित किया गया। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने सभी के प्रति आभार जताया और अनुरोध किया की आप सभी नगर निगम में दोपहर १२ बजे आयोजित सम्मान समरोह में भी अवश्य पधारे।

# सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों और गांवों में मनी गांधी व शास्त्री जयंती



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।विकासखंड पिपरौली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पिपरौली क्षेत्र के सरकारी, अर्द्ध सरकारी और ग्रामसभाओं में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इसी क्रम में ब्लॉक मुख्यालय पर एडीओ पंचायत अरविंद सिंह ने झंडारोहण करने के बाद उपस्थित सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सीएससी पिपरौली पर प्रभारी डाक्टर शिवानंद मिश्रा, गीडा थाना पर एसओ रतन पाण्डेय, पशु अस्पताल पर डाक्टर बी के सिंह, सरस्वती देवी इंटर कालेज पिपरौली में प्रधानाचार्य अखिलेश सिंह, खानिमपुर इंटर कालेज में ध्रुव कुमार चंद्रा, श्यामा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य रणविजय सिंह, साथीपार पंचायत भवन पर प्रधान मान सिंह, भगवानपुर में शैलेंद्र सिंह, छपिया पंचायत भवन पर काली प्रसाद सिंह, जैतपुर में उपेंद्र गौड़, रावतपार उर्फ सरैया में प्रधान गोविंद कुमार, बड़गहन में अमरनाथ यादव, पीजीएम मेडिकल स्टोर बरहुआं में डॉक्टर मनोज कुमार, फामेर्सी क्लिनिक पर डॉक्टर शिवशंकर पाण्डेय सहित सभी परिषदीय स्कूलों में झंडारोहण करने के बाद स्वच्छता को शपथ दिलाई गई।

# पिपरौली ब्लॉक के सरकारी,अर्धसरकारी संस्थानों और गांवों में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के कंपोजिट विद्यालय बरवल कोठा में ग्राम प्रधान ऋषिकेश जायसवाल के नेतृत्व में गांधी और शास्त्री जयंती साफ सफाई करके स्वच्छता का पाठ पढ़ते हुए मनाया गया।इस दौरान ऋषिकेश जायसवाल ने कहा की गांधी जी का सपना भारत को एक स्वच्छ और स्वस्थ्य देश बनाना था।

अगर इनके सपनो को साकार करना है तो स्वच्छता को हमें अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा।इससे पूर्व ग्राम प्रधान ऋषिकेश जायसवाल के नेतृत्व में विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई।इसी क्रम में आगे इंटर कालेज खानिमपुर, कंपोजिट विद्यालय ककना, बरहुआं, श्यामा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खानिमपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालेसर, छपिया, प्राथमिक विद्यालय कालेसर, छपिया के बच्चों द्वारा रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। आगे साथीपार पंचायत भवन पर प्रधान मान सिंह, भगवानपुर में शैलेंद्र सिंह, छपिया पंचायत भवन पर काली प्रसाद सिंह, जैतपुर में उपेंद्र गौड़, रावतपार उर्फ सरैया में प्रधान गोविंद कुमार, बड़गहन में अमरनाथ यादव, पीजीएम मेडिकल स्टोर बरहुआं में डॉक्टर मनोज कुमार, फामेर्सी क्लिनिक पर डॉक्टर शिवशंकर पाण्डेय सहित ब्लॉक के सभी परिषदीय स्कूलों में झंडारोहण करने के बाद स्वच्छता को शपथ दिलाई गई।इस दौरान ध्रुव कुमार चंद्रा, विपिन सिंह, अर्चना मौर्य, नन्हें सिंह, दलसिंगार यादव, ऋतु विश्वकर्मा, बीना विश्वकर्मा, इंद्रेश यादव सहित विद्यालय के सभी स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

# एनएचएआई द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के बाघागाडा ओवरब्रिज के पास अधिकारियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एनएचएआई द्वारा आज बाघागाड़ा ओवरब्रिज के पास अधिकारियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय केडिया ने कहा कि स्वच्छता को अपनाकर हम बिमारियों को कम कर सकते हैं।जब बीमारियां कम होंगी लोग देश के लोग स्वस्थ्य रहेंगे तो देश स्वतः ही विकास करेगा।तभी स्वच्छ भारत मिशन का सपना साकार होगा। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित गौरव सिंह सोगरवाल नगर आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में पूरे देश के लोग अपने अगल बगल साफ सफाई कर रहे है। अब इस साफ सफाई का मुहिम आगे अनवरत चलते रहना चाहिए।आगे नगर आयुक्त ने कहा की स्वच्छता के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को पूरी तरह से बंद करना पड़ेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्वर्गीय रामऔतार चैरिटेबल ट्रस्ट देवरिया का विशेष सहयोग रहा।इसके पूर्व कार्यक्रम में महाप्रबंधक आई के सिंह द्वारा नगर आयुक्त को बुके और माला पहनाकर स्वागत किया गया।इस दौरान आई के सिंह, एचपी सिंह, वेद प्रकाश त्रिपाठी, पिंटू गुप्ता मैनेजर, हरेंद्र सिंह, अमित सिंह टोल मैनेजर, रामबहादूर गुप्ता, अतुल सिंह, सुधांशु सिंह सहित सभी एनएचएआई के कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुरादीपुर रेलवे क्रासिंग पुल का निर्माण अधर में



अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर। नेशनल हाईवे स्थित ग्राम मुरादीपुर से बिन्दकी की ओर करीब दो किलोमीटर बाद पड़ने वाली रेलवे लाइन को क्रास करने के लिए फाटक के स्थान पर तीन साल पहले पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था ।जिसका लगभग एक वर्ष से कम ठप्प है ।निर्माण कार्य की गति में कोई रफ्तार नहीं है।पुल के निर्माण का कार्य अधर में लटकने के कारण सड़क की धज्जियां उड़ चुकी हैं। करीब एक साल से निर्माण कार्य में ब्रेक लगा हुआ है। पुल का निर्माण करने वाली कार्यदाई संस्था ने जब से काम शुरू किया है तब से रेलवे क्रासिंग के दोनों ओर एक एक किलोमीटर तक की सड़क चकनाचूर हो गई है जिससे आने जाने वाले लोगों तथा छोटे बड़े वाहनों को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । चौडगरा की तरह ग्राम मुरादीपुर भी मिनी जंक्शन की तरह जाना जाता है जहां से प्रयागराज , कानपुर , घाटमपुर , बांदा , उन्नाव रायबरेली तथा लखनऊ के लिए वाहनों का आवागमन रहा है ।किन्तु इधर तीन वर्ष से रेलवे पुल निर्माण की सुस्त रफ्तार के कारण बांदा व घाटमपुर से उन्नाव , रायबरेली , लखनऊ , फतेहपुर जाने के लिए बड़े वाहनों को 25 से 30 किलोमीटर तक अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ती है ।

### बारिश के बाद नर्क से कम नहीं रहती यह क्रासिंग की सड़क

बरसात हो जाने के बाद तो यहां से पैदल भी निकालना दुश्वार हो जाता है, बड़े बड़े गड्ढे , और उसमें एक फीट तक जमा धूल बरसात के बाद इस सड़क में छीछालेदर मचा देती है ।ऐसी स्थित में बाइक और साइकिल सवार कीचड़ भरे गड्ढों से हिचकोले खाते हुए जब निकलते हैं तो झटका खाकर गिरने की पूरी संभावना बन जाती है, जरा सी लापरवाही पर दोपहिया से चलने वाले लोग किसी भी घटना के प्रति सशंकित रहते हैं तथा पुल निर्माण करने वाली संस्था को मन ही मन कोसते रहते हैं । ग्रामीणों ने सांसद एवम केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से उक्त अधूरे पुल को शीघ्र ही पूरा करवाने की मांग की है ।

# जनता के इलाज में मिल का पत्थर साबित होगा आयुष्मान कार्ड- विधायक



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट क्षेत्र स्थित के आयुष्मान भवः अभियान के तहत सहजनवा ब्लॉक के हरपुर में सोमवार को लाभार्थियों में आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहां की मोदी व योगी सरकार की सोच है गांव गरीब की जनता अपने व अपने परिवार के इलाज निःशुल्क कराएं।इसलिए उन्हें आयुष्मान कार्ड मुहैया कराया जा रहा है।लाभार्थियों सरकारी या निजी अस्पतालों में इस कार्ड से पांच लाख रू तक का उपचार मुफ्त करा सकेंगे।जनता के लिए यह कार्ड मिल का पत्थर साबित होगा।जिससें उनपर कोई बोझ नहीं पडेगा।जिला महामंत्री डॉ आर डी सिंह ने कहाँ सरकार जनता के साथ हर कदम पर खडी।गरीब तपके लोग पहले पैसे के आभाव में बडी बीमारी का इलाज नहीं करा पा रहें थे,लेकिन अब इस कार्ड से उनका बिना किसी पैसे उपचार होगा।कार्यक्रम में विधायक , ने ४० लाभार्थियों में कार्ड का वितरण किया।इस दौरान जिला मंत्री राम उजागिर,वीडियो रमेश चंद्र शुक्ला शुक्ला, ग्राम प्रधान मुरारी गुप्ता गुड्डू, सभासद मनोज जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि अनुराग मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहें।

# बच्चों के कार्यक्रम ने अधिकारियों का मन मोहा



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील में दो अक्टूबर गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर ब्लूमिंग बड्स स्कूल के नौनिहालों ने सहजनवां तहसील में एसडीएम कुंवर सचिन सिंह और तहसीलदार राकेश कनौजिया की उपस्थिति में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये, बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने अधिकारियों का मन मोह लिया।इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने सहजनवां सीएचसी पर फलाहार भी विवरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक वैभव चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य पूर्णिमा राय ,संगीता सिंह सिसौदिया,शिल्पी सिंह सोलंकी ,साक्षी गुप्ता ,ऋचा वर्मा, सुरभि मिश्रा, सौम्या पाठक, शालिनी राजभर, हिमांशु श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**नादारद** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वा लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर भैसौली सरकारी अस्पताल के अधीक्षक और फार्मासिष्ट रहे नादारद

# स्वास्थ्य विभाग समेत सरकारी संस्थानों में मनाई गई महान विभूतियों की जयंती

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी। फतेहपुर जनपद फतेहपुर के अलग-अलग संस्थानो,विद्यालयों सरकारी कार्यालय, गैर सरकारी कार्यालय, सरकारी अस्पतालों व थानों में लाल बहादुर शास्त्री व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती मनाई गई वहीं बिंदकी तहसील के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल बिंदकी ,विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जहानाबाद सहित कई विद्यालयों संस्थानो व सरकारी अस्पतालों में बड़े धूमधाम से लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई वही विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य इंद्रपाल उत्तम ने बताया कि 2 अक्टूबर के अवसर पर पूरा देश लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मना रहा है उसी क्रम में विद्यालय परिवार विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के साथ जयंती मना रहा है इस मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ कर्मचारी बच्चे छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे वहा पर उपस्थित विद्यालय के संचालक विवेक उत्तम ने बताया की 2 अक्टूबर पर लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती मनाई जाती है वही लाल बहादुर शास्त्री ने प्रसिद्ध नारा जय जवान, जय किसान? दिया।वह देश-विदेश में बेहद प्रशंसित और सम्मानित नेताओं में से एक थे । उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया वह भारत के दूसरे प्रधानमन्त्री थे। वह 9 जून 1964 से 11 जनवरी 1966 को अपनी मृत्यु तक लगभग अठारह महीने भारत के प्रधानमन्त्री रहे वही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के राष्ट्रपिता कहे जाने का कारण भी बताया गांधी को पहली बार राष्ट्रपिता सुभाष चंद्र बोस ने कहा था। सुभाष चंद्र बोस ने गांधी को राष्ट्रपिता कहकर सम्मानित किया था। ये कहते हुए उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपिता का स्वतंत्रता आंदोलन में अहम योगदान है। इसी के बाद से सभी जगह गांधी के लिए राष्ट्रपिता शब्द का इस्तेमाल होने लगा।वही दूसरी तरफ सरकारी अस्पतालों में भी 2 अक्टूबर पर लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती मनाई गई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवमई के भैसौली अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी जयंती मनाई गई लेकिन वहा के भैसौली स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा कमल चंद्रा ० फार्मासिस्ट सतेंद्र त्रिवेदी रहे नदारद इस मौके पर प्रशांत श्रीवास्तव वार्ड ब्वाय राजनरायण

स्टाप अभिषेक यादव लैब अटेंडेंट पंकज क्षेत्रीय आशाबहू सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# डेंगू बुखार से रसोईया की हुई मौत

**गांव में डेंगू की दूसरी मौत होने के बाद ग्रामीणों में व्याप्त रोष**

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र में फैले डेंगू वायरल बुखार को देखते हुए भले ही स्वास्थ्य विभाग निरंतर कार्यशैली पर जुटा हुआ है परंतु अभी तक परिणाम संतोषजनक नहीं आ पा रहे हैं विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के नेतृत्व में समूचे विकासखंड के दर्जनों ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीज का उपचार किया जा रहा है वही डेंगू से ग्रसित मरीजों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है विकासखंड के ग्राम पंचायत मेहंदिया के मजरे कछेउरा गांव में डेंगू के मरीज निरंतर प्रगति पर हैं ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का इस ग्राम पंचायत में अभी तक एक बार भी कैंप नहीं लगा जबकि डेंगू से ग्रसित एक मौत पहले भी हो चुकी है वहीं इस बीमारी से ग्रसित होकर कल कछेउरा गांव की महिला ऊषा पत्नी श्री बाबू ने दम तोड़ दिया मिली जानकारी के अनुसार महिला गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में रसोईया की नौकरी करते हुए अपने परिवार में तीन बेटियों समेत एक बेटे का भरण पोषण करती थी अचानक मौत होने पर बेटी कोमल सलोनी चांदनी तथा बेटे अमित का रोक-रोकर बुरा हाल हो गया वहीं ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर रोष जताते हुए कहा कि अभी हाल ही में चंद दिनों पहले इसी गांव की महिला प्रियंका पत्नी मुकेश ने भी डेंगू से ग्रसित होकर मौत का रास्ता देख लिया था परंतु स्वास्थ्य विभाग को इस गांव की अभी तक कोई चिंता नहीं हुई ग्राम प्रधान शालिनी देवी के पति समाज सेवी राजेश कुमार ने बताया कि गांव में बीमारी चरम सीमा पर पहुंच गई है परंतु स्वास्थ्य विभाग ने गांव की तरफ अभी तक नजर डालना मुनासिब नहीं समझा ।

खास समाचार

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ संपन्न

अंबेडकर नगर। मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी एवं युवान फाउंडेशन द्वारा हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन युवान फाउंडेशन एवं रेड क्रास द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में डेढ़ दर्जन से अधिक रक्तदाताओं ने पूरे जोश के साथ किया रक्तदान रक्तदान शिविर का उद्घाटन नवागत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजकुमार ने फीता काटकर किया। रक्तदाताओं को मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव व उप जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. आशुतोष सिंह द्वारा मेडल एवम प्रशस्ति पत्र देकर उत्साह वर्धन किया गया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ उप जिला कृषि अधिकारी रोहित साहू द्वारा प्रथम बार रक्तदान कर किया गया। उप जिला कृषि अधिकारी रोहित साहू ने रक्तदान करने के पश्चात उत्साह पूर्वक कहा की रक्तदान ही ऐसा कार्य है जिससे हम किसी दूसरे के जीवन को बचा सकते है। समाजसेवा में अपने उत्कृष्ट कार्यो से अलग पहचान बनाने वाली एवं राज्यपाल महोदय से सम्मानित समाजसेविका संध्या सिंह ने कहा की रक्तदान विकल्प नहीं संकल्प है। हम सभी लोग जानते हैं कि बहुत से लोगों को जान इसलिए गंवानी पड़ती है कि उनको सही समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, और मिलेगा भी तो कैसे ? रक्त कहीं बनने वाली चीज नही है जो आसानी से मिल सके। हम सभी यह जानते है अगर आज हम किसी के जीवन को बचाने के लिए, रक्तदान के लिए आगे आते हैं तो कल हमारे लिए कोई और आगे अवश्य आएगा और यह कड़ी यूं ही सदैव चलती रहेगी। इस अवसर पर 26वीं बार रक्तदान करते हुए यूथ आइकॉन व युवान फाउंडेशन अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने कहा जिससे किसी की टूटती हुई स्वांसों को जीवन मिल सके, किसी के परिवार की खुशियों को वापस किया जा सके ऐसे पुनीत कार्य से बेहतर कोई कार्य नहीं है। एस.डी.एम. स्टेनो अकबरपुर विकास गौर एवं विशाल पटेल ने आज 10वीं बार रक्तदान कर युवाओं के सम्मुख एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया। आज के महादानी विशाल पटेल, रोहित साहू, अनुभव, दीपक नाग, दिलीप कुमार, अमरजीत, विवेक कुमार, प्रियांशु, रोहित कुमार, रितेश प्रजापति, शुभम अग्रवाल, विकाश गौड़, अंबर, सौरभ पटेल, इम्तियाज, प्रवीण गुप्ता रहे। शिविर में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य रोहित प्रजापति, परमेश्वर गुप्ता, सत्य प्रकाश आर्य, विनय वर्मा, राहुल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य सहित 6 लोगों की हत्या

देवरिया ।जिले मे दिल दहलाने वाली वारदात हुई है जिले में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां रुद्रपुर के निकट फतेहपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते पूर्व जिला पंचायत सदस्य सहित 6 लोगों की हत्या कर दी गई है। मौके पर पहुंच कर भारी पुलिस बल द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। घटना को लेकर पूरे इलाके में हड़कंप मचा है। घटनास्थल पर चीख-पुकार से पूरा गांव सहम उठा है। गांव में तनाव का माहौल है। छह लोगों की हत्या की खबर ने पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा दिया है। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में भूमि विवाद में एक परिवार की छह लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतकों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गांव में एक व्यक्ति के भूमि विवाद काफी लंबे समय से चल रहा है। सोमवार की सुबह करीब 7:00 बजे दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ। झगड़ा इस कदर बढ़ गया कि गोली चलने से छह लोगों की मौत हो गई। मौके पर पुलिस बल तैनात है। तनाव को देखते हुए गांव में पीएसी भेजी जा रही है। हत्या के बाद गांव में अफरा तफरी का माहौल है। देवरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत फतेहपुर के लेहड़ा टोला निवासी सत्यप्रकाश दुबे का अभयपुर टोला निवासी प्रेमचंद यादव से भूमि को लेकर विवाद था। विवादित भूमि देखने सुबह 7 बजे प्रेमचंद यादव पहुंचे। इसकी सूचना सत्यप्रकाश दुबे को जैसे ही हुआ उन्होंने मौके पर जाकर पहुंच गए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद होने लगा। बात इतनी बढ़ गई कि सत्यप्रकाश दुबे आदि ने मिलकर प्रेमचंद यादव की ईंट से कूंचकर हत्या कर घर चले गए। हत्या की सूचना जैसे ही प्रेमचंद यादव के घर वालों को लगी, सभी लोग ललकारते हुए सत्यप्रकाश दुबे के घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। गोलीबारी कर सत्यप्रकाश दुबे, पत्नी किरण दुबे, पुत्री सलोनी दुबे एवं नंदिनी दुबे तथा पुत्र गांधी दुबे की गोली मारकर हत्या कर दी।

## ए.एन.एम कोर्स कराने के नाम पर धोखाधड़ी, मैनेजर पर मुकदमा

अंबेडकर नगर ।ए.एन.एम कोर्स कराने के नाम पर छात्राएं धोखाधड़ी का शिकार होने पर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला आलापुर थानाक्षेत्र के एस. आर नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज अछती का है। छात्रा गायत्री देवी, अनीता देवी, ज्योति सिंह, अर्चना प्रजापति, निशा देवी, प्रियंका, ज्योति का आरोप है स्कूल के मैनेजर राकेश यादव ए. एन.एम का कोर्स करवाने के लिए सभी छात्रों का कुल 10 लाख रुपए ले लिया है ।तथा सभी छात्राओं को अपने विद्यालय का रसीद भी प्रदान किया है। छात्राओ का आरोप है जब कभी छात्राएं क्लास करने के लिए विद्यालय गई तो वहां 2-4 कमरे निमार्णाधीन मिले न तो कहीं पढ़ने की व्यवस्था था न ही बैठने की ।तब मैनेजर राकेश यादव का फोन किया तो उनका कहना था की अभी विद्यालय निमार्णाधीन है जो अब्दुल कलाम ग्रुप आफ एजुकेशन से संबद्ध है। छात्राओं का यह भी आरोप है की कुछ छात्राओं को फर्जी मार्कशीट भी मैनेजर के द्वारा दिया गया। जिसे जिला अस्पताल में लगाने पर फर्जी साबित हुई ।इस दौरान जब मैनेजर राकेश यादव से संपर्क करना चाहा तो उनके मोबाइल स्विच ऑफ मिली तथा उनके घर जाने पर उनकी पत्नी मिलती है और कहती है कि वह दिल्ली गए हुए हैं इस तरह से सभी छात्राओं के साथ जालसाजी कर राकेश यादव तभी से फरार है। वहीं पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद आलापुर पुलिस स्कूल के मैनेजर राकेश यादव के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में नामजद मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय पर फहरा तिरंगा, मनाई गई बापू और शास्त्री की जयंती

गाजीपुर ।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्रीजी की जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर में इनके चित्रों का अनावरण तथा माल्यार्पण किया गया ।इसके बाद वहां मौजूद सभी अधिकारियों एवम कर्मचारियों को इनके द्वारा देश को आजादी दिलाने में दिए गए योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के बताए गए आदर्शों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। अंत में पुलिस लाइन में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। जनपद के थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद अंतर्गत दीवानी न्यायालय में गांधी व शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम सिविल जज कक्ष संख्या 3 अभिषेक सिंह ने महान विभूतियों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। बार भवन में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के महान पुजारी थे ।इस अवसर पर सिविल बार अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह यादव, सचिव सतीश प्रजापति ,पूर्व अध्यक्ष सेंट्रल बार दयाशंकर दुबे, रितेश राय, राज किशोर राय तथा अधिवक्ता गण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।थाना कोतवाली पर क्षेत्राधिकार हितेंद्र कृष्ण ने बापू व शास्त्री के फोटो पर माल्यार्पण किया । इस क्रम में प्रभारी निरीक्षक घनानंद त्रिपाठी,एस एस आई राजीव कुमार त्रिपाठी, उप निरीक्षक संतोष कुमार यादव तथा चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह उपस्थित रहे। तहसील भवन पर उप जिलाधिकारी आशुतोष कुमार ने तथा विकासखंड पर विकासखंड अधिकारी कमलेश सिंह ने माल्यार्पण किया।

## बिजली की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई मौत

गौरीगंज ,अमेठी । कोतवाली मुंशीगंज थाना क्षेत्र के परभनपुर मजरे सोरांव वासी राज बहादुर सिंह पुत्र राम दास सिंह उम्र लगभग 65 वर्ष शनिवार रात आठ बजे बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई, सूचना पर पहुंची कोतवाली मुंशीगंज ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेज दिया।

# जनपद में महात्मा गांधी व शास्त्री की मनाई गई जयंती

**– कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी**

**अमन लेखनी समाचार**





अमेठी। जनपद में देश के दो महापुरुषों की जयंती आज भव्य पूर्वक मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तथा जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी पंकज कुमार एमडी यूपीपीसीएल व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जहां गांधी जी ने हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया वही लाल बहादुर शास्त्री जी ने सौम्यता एवं शालीनता का, इन दो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा गोष्ठी में कई वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत करने के उपरांत महात्मा गांधी जी का प्रिय भजन ₹रघुपति राघव राजा राम₹ गाया गया। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमशः अशोक कुमार द्विवेदी, परमानंद मिश्रा, चंद्रभान यादव, वीरेंद्र प्रताप तिवारी, रामनिवास मिश्रा, देवी प्रसाद तिवारी, देवराज सिंह, पूजा, सुरेंद्र बहादुर सिंह को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों विभूतियों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं दोनों ने हमें यह सिखाया है कि अपने अंदर व्याप्त बुराइयों पर दृढ़ इच्छा शक्ति से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने गांधी जी के सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने का आवाहन किया तथा जीवन के किसी भी मोड़ पर कभी झूठ व हिंसा का सहारा न लेने की अपील किया। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में नोडल अधिकारी ने कहा की जीवन में स्वच्छता का अत्यंत महत्व है स्वच्छ रहना हम सब की मूलभूत जरूरतों में है जो हमारे व्यक्तित्व में निखार लाती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सत्य, अहिंसा हमारे जीवन को पूरी तरह से बदल सकते हैं। इसके उपरांत नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सफाई के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों क्रमशः मनोज कुमार, सुरेश प्रजापति, प्रमोद कुमार, चंद्रपाल, चमेला देवी, चंद्र प्रकाश, शिव शंकर, द्वारका प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, रामसुख, लालचंद, दिलीप कुमार व गणेश को शील्ड व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा गांधी जयंती के अवसर पर बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं द्वारा रचित पुस्तक कवि का शहर नोडल अधिकारी को भेंट की साथ ही स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायिक राम केवल त्रिपाठी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजली सिंह, मोहम्मद असलम, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, उपयुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस रीता सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नीरज सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी, गणमान्य नागरिक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर राजापुर में निकली प्रभातफेरी बनी कौतूहल



**विद्यालय के सभी बच्चे गांधी जी की वेशभूषा में आये नजर**

**अमन लेखनी समाचार**

गुरसरांय। जनपद मुख्यालय से 80 किलोमीटर की दूरी पर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर कम्पोजिट ब्लॉक गुरसरांय में गांधी जयंती पर निकली प्रभातफेरी कौतूहल बनी। विद्यालय में कार्यरत नवाचारी शिक्षक मोहनलाल सुमन ने विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों को गांधी की वेशभूषा में तैयार किया। जब प्रभात फेरी गांव में निकली तो प्रभात फेरी को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई ।लगभग सभी जयंतियों और राष्ट्रीय पर्वों पर उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर में धूम होती है। गांधी जयंती पर छोटे छोटे बच्चे भी गांधी बने थे ।जिसमें एक छोटी सी छात्रा पल्लवी भी गांधी की वेशभूषा में तैयार थी जो सभी के आकर्षण का केंद्र रही। गांव वासी छोटी सी बच्ची को गोद में उठाकर फोटो लेते रहे ।विद्यालय में गांधी जी की जयंती एवं लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई ।विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विस्तार से गांधी जी एवं शास्त्री जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुंजबिहारी शर्मा , मोहनलाल सुमन एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## पूर्व एमएलसी ने कर्मचारियों का किया समर्थन

**संजय गांधी अस्पताल गेट पर कर्मचारियों का सत्याग्रह जारी**

**मांगों के समर्थन में कर्मचारियों के साथ एम एलसी ने किया उपवास**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी ।बीते 18 तारीख को शासन एवं प्रशासन की ओर से संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर एवं सभी सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। संजय गांधी अस्पताल बंद होने के बाद वहां तैनात करीब 500 से अधिक कर्मचारी बेरोजगार एवं भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। कर्मचारी सत्याग्रह कर अपनी आवाज शासन और सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। गांधी जयंती पर सोमवार को कांग्रेस पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने आंदोलन कर्मचारियों को समर्थन देते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। पूर्व एमएलसी दीपक सिंह एवं यूनियन अध्यक्ष संजय सिंह गांधी जयंती पर उपवास रखकर कर्मचारियों के साथ सत्याग्रह किया। उन्होंने सांसद स्मृति ईरानी पर हमला बोला। लोगों की जान बचाने वालों कोई इस तरह आंदोलन करना पड़ रहा है यह आजाद भारत की पहली घटना है अस्पताल को बंद किया जा रहा है। जिले में इस कदर खौफ हो गया है कि कोई भी डॉक्टर मरीज भर्ती नहीं कर रहे हैं। मरीजों को ऐसे में मरीजों को बाहर जाना पड़ रहा है। कहा कि हम पीछे हटने वाले नहीं हैं जेल में भी सत्याग्रह करेंगे। अस्पताल खुलने तक हम लोगों का सत्याग्रह जारी रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने राखी भी बधवाई। वरिष्ठ कर्मचारी अरविंद श्रीवास्तव और यूनियन के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि अस्पताल बंद होने के चलते समय से उपचार नहीं मिल पाने के कारण टेरी निवासी राम लखन की 55 वर्षीय पत्नी सरजू देवी का निधन हो गया। वहीं इसी गांव के निवासी लालता पत्नी श्रीमती की हालत गंभीर है। आर्थिक तंगी के चलते लखनऊ व अन्य स्थानों पर नहीं ले जा सकते हैं। जिले के सरकारी अस्पताल में पर्याप्त संसाधन नहीं है। ऐसे में सस्ता इलाज करने वाला अस्पताल बंद है। मरीज इलाज के लिए परेशान है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। कर्मचारी एवं क्षेत्र की जनता और मरीज का हित देखते हुए अस्पताल का संचालन कराया जाए। कर्मचारी मरीजों एवं अपनी रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए आर पार की लड़ाई कर करने को तैयार हैं। अगर संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस बहाल नहीं किया जाता तो हम लोग अपनी अंतिम सांस तक आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। सत्याग्रह स्थल पर कर्मचारियों ने उग्र रूप से नारेबाजी करते हुए लाइसेंस बहाली एवं संचालन की आवाज बुलंद की। इस मौके पर संजय सिंह अरविंद श्रीवास्तव बृजेश कुमार सिंह विनोद कुमारी सिंह विपिन श्रीवास्तव अवधेश तिवारी अनिल शुक्ला शिवांशु मंजू नायर शिव प्रकाश साधना कामाख्या गुड्डी देवी ममता समेत कर्मचारी संघ पैरामेडिकल स्टाफ नर्सिंग स्टाफ समेत कॉन्ट्रैक्ट वर्कर मौजूद रहे।

## स्वच्छता जागरूकता अभियान के उदघाटन कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

बहराइच । उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस 02 अक्टूबर के उपलक्ष्य में 02 से 08 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वच्छता जागरूकता अभियान का इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थित वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा उदघाटन किया गया। दीवानी न्यायालय सभागार में उद्घाटन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायधीश शेष मणि, प्रथम अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश राम प्रकाश पाण्डेय, विशेष न्यायधीश एससी/एसटी एक्ट इन्द्र प्रकाश, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश ( पाक्सो एक्ट ) वरूण मोहित निगम, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश आनन्द शुक्ला, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेन्द्र कुमार मिश्रा व अन्य न्यायिक अधिकारी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा तथा बार के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

## ब्लॉक मुख्यालय से अमृत कलश हरषोल्लास के साथ हुए विदा

**देश के महान सेना नायको का बलिदान किया गया स्मरण**

**अमन लेखनी समाचार**



बिंदकी, फतेहपुर , जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत बैजनाथ माधुरी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज टरुआपुर में देश को स्वतंत्र कराने में अहम भूमिका निभाने वाले राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस हरषोल्लास के साथ मनाया गया विद्यालय परिवार में प्रबंधक डॉक्टर एस एन निषाद ने प्रधानाचार्या मनोरमा देवी के साथ मिलकर बच्चों को स्वच्छ भारत बनाने की शपथ दिलाई विद्यालय में मौजूद कुशल व्यायाम शिक्षक द्वारा बच्चों को व्यायाम कराते हुए स्वस्थ जीवन जीने के गुण बताए गए इसी प्रकार अमौली विकासखंड मुख्यालय प्रांगण में खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया जहां विकासखंड के सभी ग्राम पंचायतों में स्थापित कराए गए पूर्व काल में कलश एकत्र किए गए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड के सभी 66 ग्राम पंचायतों के अमृत कलश एकत्र कर सभी कलशो से क्षेत्र के अमर बलिदानियों की रज धूलि एक अमृत कलश में स्थापित की गई क्षेत्र के अमर बलिदानी विजय कुमार पांडे कैप्टन अतुल सिंह राजेश कुमार विजय पाल यादव आदि के परिजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया वही समूचे विकासखंड से एक अमृत कलस का भव्य पूजन कर मिट्टी भरकर अमृत कलश रवाना किया गया इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार बाल पुष्टाहार विभाग के सीडीपीओ अजय सिंह पूर्व जिला मंत्री भाजपा साहब सिंह गौतम मंडल अध्यक्ष अमौली संतोष गुप्ता राम भक्त वर्मा आर्य कुमार पांडे प्रधान संघ उपाध्यक्ष ग्राम प्रधान डिघरुवा संजय सिंह उमराव कोषाध्यक्ष ग्राम प्रधान बुढ़वा सनोज कुमार ग्राम प्रधान सुशील तोमर अनुज उर्फ धीरू सिंह पप्पू श्रीकांत उत्तम रजत प्रताप सिंह रमेश चंद्र समेत समूचे विकासखंड के सभी ग्राम प्रधान एवं भारी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रहा` कार्यक्रम के अंतर्गत देश के महान व्यक्तित्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के द्वारा दिया गया नारा जय जवान जय किसान , अहिंसा परमो धर्म आदि का जय घोष करते हुए महापुरुषों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई

## धूमधाम के साथ मनाई गई गांधी जी की जयंती



**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा, झाँसी। उच्च प्राथमिक विद्यालय कचीर में गांधी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमंत यादव द्वारा महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गये ।विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद्र कुमार गुप्ता व अशोक जैन ने छात्र/छात्राओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी के विषय मे विस्तार पूर्वक समझाते हुए उनके आदर्शो पर चलने की बात कही। ।मिष्ठान वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया ।इस मौके पर समस्त विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।


## चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर की वारदात

**16 000 रुपए नगदी व सोने चांदी के जेवरात किया पार**

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के लहुरी सराय गांव में रविवार की रात में अज्ञात चोरों ने अशोक उत्तम पुत्र स्वर्गीय बुद्ध उत्तम के सुने घर का में दरवाजा का ताला तोड़ दिया अंदर घुसकर बक्सा व अलमारी का ताला तोड़ दिया अज्ञात चोर 16000 रुपए नगद तथा सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ले गए सोमवार की सुबह करीब 7:00 बजे गृह स्वामी अशोक उत्तम के भाई ने ताला टूटा देखा तो हड़कंप मच गया जिसकी सूचना गृह स्वामी अशोक उत्तम को दी गई अशोक उत्तम ने तहरीर देकर पुलिस को सूचित किया इस मामले में अशोक उत्तम ने बताया कि उनका एक घर कानपुर में बना है पति-पत्नी वही थे इधर सुन घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

## प्रेमी के साथ रहने के लिए पत्नी ने कराई पति की हत्या

**अमन लेखनी समाचार**



गाजीपुर ।पुलिस अधीक्षक आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 02.अक्टुबर.2023 को स्वाट/ सर्विलांस व थाना खानपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दिनौरा तिराहा थाना खानपुर जनपद गाजीपुर से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 135/23 धारा 302/34/120 बी भादवि से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त व 01 नफर अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद तमन्चा .315 बोर चालू हालत में मय 02 अदद जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल होण्डा साइन नम्बर यू पी 61 बी 2168 बरामद किया गया। जिनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 136/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम गोविन्द यादव व मु०अ०सं० 137/23 धारा 3/25 आम्स एक्ट बनाम गामा बिन्द पंजीकृत किया गया तथा संकलित साक्ष्य के आधार पर मु0अ0स0 135/23 धारा 302/34/120 बी भादवि में संलिप्त महिला/अभियुक्ता को नियमानुसार गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त ग्राम खुटवा थाना शादियाबाद वीरू यादव पुत्र रामनगीना यादव की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है । पूछताछ दौराने पूछताछ अभियुक्ता (मृतक की पत्नी) द्वारा बताया गया कि मैं वीरु नामक उपरोक्त युवक से प्रेम करती थी, मेरी शादी मृतक स्वतंत्र भारती से मेरीं मर्जी के खिलाफ हुई थी, लेकिन मैं अपने प्रेमी वीरू के साथ रहना चाहती थी । इसीलिए मैने अपने प्रेमी वीरू व उसके साथियों गोविन्द व गामा उपरोक्त के साथ मिलकर साजिश करके अपने पति स्वतंत्र भारती की गोली से मरवाकर हत्या करवा दी थी । गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम डिहिया थाना नंन्दगंज गोविन्द यादव पुत्र विनोद यादव उम्र करीब 24 वर्ष , गामा बिन्द पुत्र मेघनाद बिन्द निवासी हकीमपुर सोन्थी थाना नन्दगंज उम्र करीब 21 वर्ष , कंचन गिरी पत्नी स्व0 स्वतंत्र भारती निवासी ग्राम सिधौना थाना खानपुर उम्र करीब 25 वर्ष है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 02 अदद तमन्चा 315 बोर चालू हालत मय 02 अदद जिन्दा कारतूस एक मोटरसाइकिल होण्डा साइन नम्बर यूपी 61बी बी2168 बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में .स्वाट/सर्विलांस टीम ,.थाना खानपुर पुलिस टीम जनपद उपस्थित थे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

बॉलीवुड

# विवेक अग्निहोत्री के बदले सुर!



वैक्सीन वॉर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री अक्सर बॉलीवुड हस्तियों पर अपनी निजी टिप्पणियों को लेकर सुर्खियां बटोरते हैं और इस बार निर्देशक बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को अपने परिवार का हिस्सा बताकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाँ, आप इसे पढ़ा... अपने एक साक्षात्कार में, विवेक अग्निहोत्री ने बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की प्रशंसा करके कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया और बताया कि उन्हें कैसा लगता है कि वह उनके परिवार का हिस्सा हैं और उनके बारे में कुछ भी नकारात्मक बर्दाश्त नहीं कर सकते। विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि मैं आलिया भट्ट और अल्लू अर्जुन का प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि आलिया मेरे परिवार का हिस्सा है, और मैं हमेशा उनके काम की प्रशंसा करता हूं। पिछले कुछ वर्षों में वह एक अभिनेता के रूप में जिस तरह से परिपक्व हुई है वह मुझे पसंद है। उनके पास रचनात्मक बुद्धि है , और यही कारण है कि मुझे वास्तव में उनका विकास पसंद है और जिस तरह से उन्होंने खुद को सार्वजनिक रूप से संचालित किया है। जब भी कोई चर्चा होती है, तो मैं उनके बारे में कुछ भी नकारात्मकता स्वीकार करने से इनकार कर देता हूं। आलिया इस बात का एक बड़ा उदाहरण है कि एक अभिनेता को कैसे परिपक्व होना चाहिए। विवेक अक्सर स्टार किड्स और बड़े बॉलीवुड सेलेब्स जैसे शाहरुख खान और कई अन्य लोगों की आलोचना करते हैं, लेकिन यह पहली बार है जब उन्हें बॉलीवुड के किसी बड़े कलाकार की तारीफ करते देखा गया, और वह हैं आलिया भट्ट। फिल्म निर्माता ने पुष्पा 2 स्टार अल्लू अर्जुन के साथ काम करने की इच्छा भी व्यक्त की और खुद को दक्षिण भारतीय सुपरस्टार का बड़ा प्रशंसक बताया। विवेक अग्निहोत्री ने कहा कि मैं हमेशा से अल्लू अर्जुन का प्रशंसक रहा हूं। उम्मीद है कि अगर मुझे इजाजत मिलेगी तो किसी दिन मैं उनके साथ काम करना पसंद करूंगा। विवेक अग्निहोत्री ने अपनी आखिरी नाटकीय रिलीज़, द कश्मीर फाइल्स के साथ एक बड़ी हलचल पैदा की, जो कश्मीरी पंडितों के नरसंहार पर आधारित थी और इसमें अनुपम खेर मुख्य भूमिका में थे।

# जो जोनास और सोफी टर्नर के तलाक की वजह हैं प्रियंका चोपड़ा?



सोफी टर्नर और जो जोनास के तलाक की खबर इंटरनेट पर जंगल की आग की तरह फैल गई और तब से, उनके बीच दरार को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। सोफी और जो के तलाक के पीछे नवीनतम अफवाह का दावा उनकी पूर्व भाभी और बॉलीवुड दिवा प्रियंका चोपड़ा के साथ लगातार तुलना को लेकर किया जा रहा है। कॉस्मोपॉलिटन की रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने पोर्टल पर दावा किया कि बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ लगातार तुलना ने जाहिर तौर पर गेम ऑफ थ्रोन्स की अभिनेत्री को काफी दबाव में डाल दिया था और इसका उन पर बुरा असर पड़ रहा था। जोनास द्वारा लगातार की जा रही तुलना से सोफी बहुत बेचैन हो रही थी। ऐसा दावा किया जाता है कि शुरू में सोफी को इस तुलना से कोई दिक्कत नहीं थी क्योंकि जोनास परिवार चाहता था कि जो भी निक जोनास की तरह घर बसा ले क्योंकि वे दोनों एक ही उम्र के हैं, जबकि सोफी को लगता है कि वह केवल 27 साल की है और अभी तक उसकी उम्र शादी के लिए नहीं है। उनका जीवन अच्छा था और उन्होंने अपनी सारी अच्छी और युवा उम्र काम करते हुए बिताई, इसलिए उन्होंने इसे छोड़ने का फैसला किया। सोफी की शादी 23 साल की उम्र में हो गई थी और जब एक्ट्रेस 19 साल की थीं, तब उन्होंने जो जोनास को डेट करना शुरू कर दिया था। पूर्व जोड़े के बीच 7 साल का अंतर है, और यह दावा किया जाता है कि उम्र के अंतर ने वास्तव में उसे प्रभावित किया क्योंकि जो और उसका परिवार उसके लिए अधिक व्यवस्थित जीवन चाहता था, और उसे लगा कि वह इसके लिए काफी छोटी थी। सोफी और जो ने एक बयान के साथ अपने अलगाव की घोषणा की, हम दोनों का बयानशादी के चार अद्भुत वर्षों के बाद हमने आपसी सहमति से अपनी शादी को खत्म करने का फैसला किया है। ऐसा क्यों है इसके बारे में कई अटकलें हैं लेकिन, वास्तव में यह एक एकजुट है निर्णय और हमें पूरी उम्मीद है कि हर कोई हमारे और हमारे बच्चों की गोपनीयता की हमारी इच्छाओं का सम्मान कर सकता है।



# दिल्ली के यमुना पारी फुकरों की सेना ने फिर दिखाया कमाल

दिल्ली के यमुनापार का चूचा फिर से पर्दे पर सबकों हंसाने के लिए अपनी फुकरों की टीम के साथ लौट आया है। फुकरे 3 का इंतजार खत्म हुआ और सिनेमाघर में फुकरे प्रेमियों की लाइन देखी गयी। फिल्म फुकरें की टक्कर बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान की जवान और द वैक्सीन वॉर से हो रही है। इस बड़ी टक्कर के बाद भी चूचा फैंस के लिए कई बड़ी दीवार सामने नहीं आ सकी और उन्होंने सीधे सिनेमाघर के टिकट काउंटर पर जाकर फुकरे 3 का टिकट ले लिया। फुकरे 2 के जबरदस्त हिट होने के छह साल बाद फिल्म का बहुप्रतीक्षित सीक्वल, फुकरे 3 28 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुआ। सकारात्मक समीक्षा मिलने के बाद फिल्म ने अच्छी शुरुआत की। फुकरे 3 में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं। मृगदीप सिंह लांबा द्वारा निर्देशित इस कॉमिक फिल्म ने पहले दिन 8.82 करोड़ रुपये की कमाई की। शुरुआती अनुमानों से पता चलता है कि दूसरे दिन फिल्म ने 7.50 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म की कुल ऑक्यूपेंसी 19.69त्न रही। फुकरे 3 एक और गुदगुदाने वाला और अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव है। फ्रैंचाइज़ी के पहले भागों में अली फज़ल भी प्रमुख भूमिकाओं में से एक थे। यह फिल्म मृगदीप सिंह लांबा द्वारा निर्देशित और रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है।




# अनुपम खेर पहली बार राम नगरी अयोध्या पहुंचे

पूजा





बहुमुखी अभिनेता अनुपम खेर इस समय अयोध्या की धार्मिक यात्रा पर हैं। अभिनेता ने अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए बताया कि वह पहली बार पवित्र शहर का दौरा कर रहे हैं और प्रतिष्ठित हनुमान गढ़ी मंदिर का दौरा करेंगे। उन्होंने न केवल मंदिर का दौरा किया बल्कि अपनी अगली पोस्ट में उन्होंने खुलासा किया कि वह पूरे भारत में 21 लोकप्रिय भगवान हनुमान मंदिरों पर वीडियो की एक श्रृंखला जारी करेंगे।
अपने नवीनतम पोस्ट में, अनुपम खेर ने बताया कि उन्होंने अपने प्रशंसकों और उनके परिवारों के लिए अयोध्या के हनुमान गढ़ी मंदिर में प्रार्थना की। जय श्री राम! उन्होंने लिखा, यह एक दिव्य अनुभूति थी! इस सप्ताह की शुरुआत में अभिनेता ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की, जहां उन्होंने बताया कि वह अगले दिन किसी शुभ कार्य के लिए अयोध्या जाएंगे अभिनेता की नवीनतम रिलीज़ द वैक्सीन वॉर वर्तमान में सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चल रही है।
यह फिल्म द ताशकंद फाइल्स और द कश्मीर फाइल्स के बाद फिल्म निर्माता विवेक रंजन अग्निहोत्री के साथ अनुपम की तीसरी फिल्म है। वह अगली बार कंगना रनौत के निर्देशन में बन रही फिल्म इमरजेंसी में नजर आएंगे, जिसमें वह जयप्रकाश नारायण की भूमिका निभाएंगे। फिल्म में कंगना भारत की पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के रूप में, श्रेयस तलपड़े पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के रूप में, मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के रूप में, विशाख नायर संजय गांधी के रूप में और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक जगजीवन राम के रूप में दिखाई देंगे।

बॉलीवुड

# सिंघम अगेन के लिए सिम्बा के धांसू अवतार में नजर आए रणवीर सिंह



रणवीर सिंह ने पिछले कुछ वर्षों में सिल्वर स्क्रीन पर बैक-टू-बैक शानदार प्रदर्शन दिए हैं। करण जौहर के जरिए निर्देशित हालिया ब्लॉकबस्टर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में मुख्य किरदार रॉकी रंधावा के रूप में दर्शकों का दिल जीतने के बाद अब रणवीर सिंह सिंघम अगेन में अपने सुपर कॉप किरदार सिम्बा को दोहराने के लिए तैयार हैं। रणवीर सिंह निर्देशक रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली आगामी फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में, रणवीर सिंह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर सिंघम अगेन के सेट से एक शानदार बीटीएस तस्वीर साझा की। तस्वीर में वह अपने सिग्नेचर सिम्बा लुक में यानी परफेक्ट हेयरस्टाइल, घुमाई हुई मूंछें और काले एविएटर चश्मे की एक जोड़ी में दिखाई दे रहे हैं। रणवीर ने यह तस्वीर अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर साझा की। रणवीर तस्वीर में किरदार के लिए काली बनियान और मैचिंग ट्राउजर के साथ दिखाई दिए। तस्वीर को अत्यधिक प्रसिद्ध सिंघम थीम गीत और एक सिम्बा स्टिकर के साथ पोस्ट किया गया था। रणवीर ने बैकग्राउंड में अपनी सिम्बा से आला रे आला म्यूजिक भी जोड़ा। इसके अलावा रणवीर निर्देशक फरहान अख्तर की अगली एक्शन थ्रिलर फिल्म डॉन 3 के साथ भी व्यस्त हैं। हाल ही में रणवीर ने खुलासा किया कि वह इस फिल्म में रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स सिम्बा के किरदार को दोहराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स के मेरे सबसे पसंदीदा किरदारों में से एक सिम्बा को सिंघम अगेन में दोबारा दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार। हम अपनी नई यात्रा के लिए आपका प्यार और आशीर्वाद चाहते हैं। रोहित शेट्टी के जरिए निर्देशित सिंघम अगेन में अजय देवगन के साथ-साथ अभिनेत्री दीपिका पादुकोण भी पुलिस के अवतार में नजर आएंगी। सिंघम वर्ष 2011 में रिलीज हुई थी और इसमें काजल अग्रवाल और प्रकाश राज ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। इसके बाद 2014 में सिंघम रिटर्न्स रिलीज हुई और दोनों प्रोजेक्ट्स को बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। यह फिल्म सिंघम अगेन के जरिए दीपिका और अजय पहली बार स्क्रीन साझा करेंगे। यह फिल्म दिवाली 2024 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। सिघम अगेन को कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 और अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 के साथ बड़ी बॉलीवुड टक्कर मिलेगी।



दुल्हन के महंगे लुक

# बॉलीवुड दुल्हनों द्वारा पहने जाने वाले सबसे अनोखे ब्राइडल लहंगे

बॉलीवुड अभिनेत्रियां अपनी शादी के परफेक्ट आउटफिट पर मोटी रकम खर्च करना पसंद करती हैं। उनकी शादी के लहंगे की कीमत जानकर आप चौंक जाएंगे। दीपिका पादुकोण से लेकर अनुष्का शर्मा और प्रियंका चोपड़ा तक, दुल्हन के सबसे महंगे परिधानों पर एक नज़र जो आपको चौंका देंगे।

*प्रियंका चोपड़ा जोनस के लहंगे को तैयार होने में 3720 घंटे लगे थे*

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने निक जोनास से जोधपुर के भव्य उम्मेद भवन पैलेस में शादी कर ली। उन्होंने अपनी सफेद शादी के लिए 75 फुट लंबे घूंघट के साथ राल्फ लॉरेन गाउन पहना था, जबकि उन्होंने अपनी हिंदू शादी के लिए लाल सब्या लहंगा पहना था। कथित तौर पर, उनकी शादी की पोशाक को पूरा करने में 3720 घंटे लगे और कथित तौर पर इसकी लागत 18 लाख रु थी।

*दीपिका पादुकोण ने सब्यसाची का लहंगा पहना था*

पठान अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने इटली में अपने परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में अभिनेता रणवीर सिंह के साथ शादी के बंधन में बंध गईं। खूबसूरत अभिनेत्री ने गहरे लाल रंग का सब्यसाची लहंगा पहना था और घूंघट लिया था, जिसके बॉर्डर पर सदा सौभाग्यवती भव लिखा हुआ था। पॉपक्सो के मुताबिक, दीपिका के पहनावे की कीमत 10 लाख - 12 लाख रुपये बताई गई थी।

*जेनेलिया डिसूजा की सोने की कुंदन वर्क वाली साड़ी*

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा देशमुख ने रितेश देशमुख से शादी की और पारंपरिक महाराष्ट्रीयन शैली की सोने के कुंदन के काम वाली बॉर्डर वाली साड़ी पहनी, जिसकी कीमत कथित तौर पर लगभग 17 लाख रु थी।



*ऐश्वर्या राय बच्चन की पारंपरिक साड़ी स्वारोवस्की क्रिस्टल से जड़ी थी*

अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने अभिषेक बच्चन के साथ अपनी शादी में पारंपरिक पीले और सुनहरे रंग की कांजीवरम साड़ी पहनी थी। उनकी साड़ी स्वारोवस्की क्रिस्टल और सोने के धागों से जड़ी हुई थी। बॉलीवुडशाडिज़ के मुताबिक, उनकी साड़ी की कीमत 75 लाख रुपये थी।

*बिपाशा बसु ग्रोवर ने अपने बोंग लुक से जीता दिल*

अभिनेत्री बिपाशा बसु ग्रोवर ने करण सिंह ग्रोवर से शादी की और लाल और सुनहरे रंग की सब्यसाची साड़ी पहनी। बॉलीवुड शादियों के अनुसार, उनकी शादी की पोशाक की कीमत 4 लाख रुपये थी।

*परिणीति चोपड़ा की शादी के लहंगे को तैयार होने में 2500 घंटे लगे थे*

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने राजस्थान में आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा से शादी कर ली है। अभिनेत्री ने अपने डी-डे पर मनीष मल्होत्रा का डिज़ाइन किया हुआ लहंगा पहना था, जिसे पूरा करने में कथित तौर पर 2500 घंटे लगे थे। उसने घूंघट पहना हुआ था जिस पर राघव का नाम देवनागरी लिपि में लिखा हुआ था।

*अनुष्का शर्मा के भारी लहंगे को पूरा करने में 32 दिन और 67 कारीगर लगे*

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के साथ इटली के टस्कनी में शादी कर ली। उन्होंने सब्यसाची का लहंगा पहना था, जिसे तैयार करने में कथित तौर पर 32 दिन और 67 कारीगर लगे। कथित तौर पर, उनके लहंगे की कीमत 32 लाख रुपये थी।

*सोनम कपूर आहूजा का असली सोने और चांदी का लहंगा*

अभिनेत्री सोनम कपूर आहूजा ने अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड आनंद आहूजा से शादी कर ली और असली सोने-चांदी के धागे से काम किया हुआ लहंगा पहना। इस उत्कृष्ट कृति को पूरा होने में लगभग 6 महीने लगे और कथित तौर पर इसकी लागत लगभग 70-90 लाख रुपये थी।

*कैटरीना कैफ ने हाथ से बुना हुआ सिल्क लहंगा पहना था*

टाइगर 3 अभिनेत्री कैटरीना कैफ अभिनेता विक्की कौशल के साथ सिक्स सेंस फोर्ट बरवारा, रणथंभौर में गलियारे में चलीं। एक्ट्रेस ने हाथ से बुना हुआ मटका सिल्क सब्यसाची लहंगा पहना था, जिसकी कीमत 17 लाख बताई जा रही है।

*करिश्मा तन्ना*

करिश्मा तन्ना की टीम के एक सूत्र के अनुसार, संजू अभिनेत्री ने अपनी शादी के लिए फाल्गुनी शेन पीकॉक डिजाइनर लहंगा पहना था।